
Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

Nimi

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से परिचय

## छात्र कार्यपुस्तिका




वर्ष 1 | 2024
7.5 घंटे

# छात्र कार्यपुस्तिका अनुक्रम


| | |
|---|---|
| आभार | 02 |
| स्वागत | 04 |
| अनुक्रमणिका | 05 |




# आभार

आपके समक्ष प्रस्तुत “आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से परिचय” वर्कबुक की पाठ्यचर्या, इसमें दी गई जानकारी की अवधारणा और रचना, व परामर्शदाताओं के साथ समीक्षा प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए हम क्वेस्ट एलायन्स की करिकुलम एण्ड लर्निंग एक्सपीरियंस डिज़ाइन टीम व सलाहकारों का आभार व्यक्त करते हैं।

हम राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एन.एस.डी.सी.) की टीम का उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हैं जिसमें हमें पाठ्यचर्या की अवधारणा, समीक्षा और समन्वय प्रक्रिया का सृजन करने में सहयोग मिला।

हम प्रशिक्षण महानिदेशालय के प्रति उनकी भागीदारी व समर्थन तथा इस नए रोजगार कौशल पाठ्यक्रम के लिए एक व्यापक मूल्यांकन के प्रमोचन के लिए आभारी हैं।

हम पाठ्यचर्या संरचना और सामग्री की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय अनुदेशात्मक माध्यम संस्थान (एन.आई.एम.आई.) और केंद्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (सी.एस.टी.ए.आर.आई) द्वारा प्रदान किए गए समर्थन के लिए आभारी हैं।

हम “आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से परिचय” मॉड्यूल के पाठ-निर्माण और रचना में बहुमूल्य सहयोग के लिए फ़्यूचर राइट स्किल्स नेट्वर्क नॉलेज व इनोवेशन (के एंड आई) पार्टनर नवगुरुकुल के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

हम देश में युवा शिक्षार्थियों के लिए रोजगार कौशल पाठ्यचर्या में सुधार करने में, माननीय सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एम.एस.डी.ई.), भारत सरकार के नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

इस पाठ्यचर्या का सृजन एक्सेंचर, सिस्को, जे.पी. मॉर्गन, एस ए पी व क्वेस्ट एलायन्स समर्थित फ़्यूचर राइट स्किल्स नेट्वर्क के सहयोग से हुआ है।

**कॉंटेंट डेवलपमेंट लीडस्**
- नीलम चौधरी, के एंड आई पार्टनर, नवगुरुकुल
- सूर्या मेनन, क्वेस्ट एलायंस
- प्राची सिंह बैस, क्वेस्ट एलायंस

**कॉंटेंट क्रिएशन एंड डेवलपमेंट टीम**
- प्रेरणा शर्मा, के एंड आई पार्टनर, नवगुरुकुल
- सौरभ गुप्ता, के एंड आई पार्टनर, नवगुरुकुल

**कॉंटेंट अनुवाद व समीक्षा टीम**
- अंकित मौर्य, सलाहकार
- लोकपाल, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एन.एस.डी.सी.)
- शाहबाज शेख, के एंड आई पार्टनर, नवगुरुकुल
- क्रिस्टीना पीटर, के एंड आई पार्टनर, नवगुरुकुल

**वर्कबुक डिज़ाइन / कवर डिज़ाइन / चित्रण**
- लेडीफ़िंगर्ज़ को., सलाहकार (QA)
- विनय किरण एम.एस., सलाहकार (QA)

**संकल्पना, पाठ्यचर्या व मूल्यांकन संरचना तथा समन्वय**

- श्री संजय कुमार, निदेशक, सी डी अनुभाग, डी. जी. टी
- भारती साहनी, प्रशिक्षण महानिदेशालय (डी. जी. टी.)
- कोट्रेश एच.बी., क्वेस्ट एलायंस
- निकिता बेंगानी, क्वेस्ट एलायंस
- एन. नाथ, राष्ट्रीय अनुदेशात्मक माध्यम संस्थान (एन.आई.एम.आई.)
- स्नेहाशीष बंद्योपाध्याय, सहायक निदेशक, सी डी अनुभाग, डी. जी. टी
- सृष्टि सहगल, सलाहकार (QA), फील्ड
- हर्ष दोशी, सलाहकार (QA), फील्ड

सहयोग

फ़्यूचर राइट स्किल्स नेट्वर्क – एक्सेंचर | सिस्को | जे.पी. मॉर्गन | एस ए पी | क्वेस्ट एलायन्स

## फीडबैक के लिए अनुरोध

आपको यह स्टूडेंट वर्कबुक कैसी लगी? इसे पढ़ने का आपका अनुभव कैसा रहा? हम इस स्टूडेंट वर्कबुक में और क्या सुधार कर सकते हैं?

आपके सुझाव और विचार हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। कृपया अपना कीमती फीडबैक शेयर करें।

कृपया इस ईमेल पते के माध्यम से अपनी बात हम तक पहुँचाएँ : esfeedback@nimi.co.in

# स्वागत

प्रिय शिक्षार्थियों,

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की दुनिया के इस रोमांचक सफर में आप सभी का स्वागत है! यह वर्कबुक, AI क्या है, यह कैसे काम करता है, और यह हमारे आसपास की दुनिया को किस तरह से प्रभावित कर रहा है, आदि समझने में आपकी सहायता करेगी।

**आप सीखेंगे:**


- AI क्या है?
- सीखने और करियर में विकास के लिए AI का उपयोग कैसे करें
- ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग कैसे करें

यह वर्कबुक, AI के बारे में सीखने, व्यावहारिक तरीकों से इसका उपयोग करने, और भविष्य के अवसरों के लिए तैयार होने में आपकी मदद करेगी। आप जीवन और करियर के अनेक पहलुओं के लिए AI का उपयोग करने से जुड़ी नई बातें और कौशल सीखेंगे।

रुचिकर गतिविधियों को पूरा करें, चर्चा व समूह कार्य में भाग लें और आपने जो सीखा है, उसका उपयोग करें। इस वर्कबुक का लक्ष्य है कि आप एक सेल्फ-लर्नर बनें और अपने करियर में AI से जुड़े रोमांचक अवसरों के लिए तैयार रहें।

याद रखें, AI एक ऐसा टूल है जिसका उपयोग हम अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं। आइए, AI के बारे में कुछ नया जानें, सीखें और साथ मिलकर व समझदारी के साथ AI का उपयोग करें।

इस सफर के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ!



# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से परिचय

पृष्ठ क्र
**06 - 44**


13.1 AI को समझें 06

13.2 AI कैसे काम करता है? 10

13.4 AI के प्रकार 16

13.5 AI क्या कर सकता है? 20

13.6 इंडस्ट्री और नौकरियों पर AI का प्रभाव 25

13.7 AI से करियर विकल्पों को जानें 29

13.8 AI की मदद से सीखें 33

13.9 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग 39

# 13.1 AI को समझें

## इस पाठ में आप सीखेंगे:

1. AI क्या है?
2. आपको AI कहाँ मिल सकता है?
3. किसे AI नहीं कह सकते?
4. AI की मदद से सवालों के जवाब खोजने के लिए प्रॉम्प्ट्स(prompts) का उपयोग

हैलो! मैंने YouTube पर एक मज़ेदार गाना सुना, जो मुझे बहुत पसंद आया। ये गाना मेरे 'आपके लिए सुझाव' वाले हिस्से में था। मुझे लगता है कि AI ने मेरे देखे गए वीडियो के आधार पर यह गाना चुना होगा!

आइए, AI के बारे में और गहराई से सीखते हैं, ताकि हम इसका बेहतर इस्तेमाल कर सकें।



## क्या आपने AI के बारे में सुना है?

कुछ मिनट का समय लें और सोचें कि आप पहले से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बारे में क्या जानते हैं? क्या आपने पहले इसके बारे में सुना है? अगर हाँ, तो बताएँ कि आप इसके बारे में क्या जानते हैं? अगर नहीं, तो आपके अनुसार यह क्या हो सकता है? अपने विचार, यहाँ नीचे दिए गए स्थान में लिखें:

**अगर हाँ,** ________________________________________

________________________________________

**अगर नहीं,** ________________________________________

________________________________________

## 13.1.1 आपने AI को कहाँ देखा या इस्तेमाल किया है?

क्या आप किसी ऐसे AI ऐप के बारे में सोच सकते हैं जिसे आपने इस्तेमाल किया हो? सोचें और बताएँ!



AI, या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर और मशीनों को इंसानों की तरह सोचने और काम करने की क्षमता देने वाली तकनीक है।

अगर आप किसी ऐप के बारे में नहीं सोच पा रहे तो कोई बात नहीं! यहाँ दी गई लिस्ट को देखें। आप इनमें से जिन ऐप्स का उपयोग करते हैं या पहले कभी किया है, उन पर सही का निशान लगाएँ:

| | | |
|---|---|---|
| ☐ YouTube | ☐ | ☐ amazon.com |
| ☐ NETFLIX | ☐ | ☐ Google Maps |

ये सभी ऐप्स AI का उपयोग करते हैं।

क्या आप जानते हैं कि इनमें AI का उपयोग किस तरह होता है?

**मिलान करें और बताएँ कि विभिन्न ऐप्स किस काम के लिए AI का उपयोग करते हैं।**

YouTube, आपको वीडियो के सुझाव देने, सब-टाइटल बनाने और आपकी रुचियों के आधार पर विज्ञापन दिखाने के लिए AI का उपयोग करता है।

| A | B |
|---|---|
| 1. Instagram | A. ऐसी फ़िल्मों और टी.वी. शो के सुझाव देता है जो शायद आपको पसंद आएँ! |
| 2. Amazon | B. ऐसे सामान के सुझाव देता है जो आप ख़रीदना चाहते हों। |
| 3. Netflix | C. आपके दोस्तों को खोजने में आपकी मदद करता है और आपकी पसंद के आधार पर विज्ञापन दिखाता है। |
| 4. Facebook | D. किसी जगह पर पहुँचने का सबसे तेज़ रास्ता खोजने में आपकी मदद करता है। |
| 5. Google Maps | E. आपकी रुचियों के आधार पर पोस्ट और रील दिखाता है। |

## 13.1.2 क्या AI नहीं है?

यहाँ 6 उदाहरण दिए गए हैं। अगर आपको लगता है कि यह AI है तो सही का निशान (✓) लगाएँ, और अगर आपको लगता है कि यह AI का उदाहरण नहीं है, तो गलत का निशान (✕) लगाएँ।

| उदाहरण | AI है (✓) या नहीं है (✕) |
|---|---|
| 1. एक डिजिटल घड़ी जो अभी का समय बता रही है | |
| 2. एक स्मार्टफ़ोन जो मैसेज लिखते समय आपके शब्दों को पूरा करके बताता है | |
| 3. एक मोबाइल ऐप जो आपके द्वारा पहले देखी गई फ़िल्मों के आधार पर नई फ़िल्मों के सुझाव देता है | |
| 4. कैल्क्युलेटर जो आपके द्वारा बताई गई संख्याओं के आधार पर गणना करता है | |
| 5. एक ऐप जो आपके द्वारा खींची गई पौधे की तस्वीर के आधार पर पौधे में संभावित बीमारी की पहचान करता है। | |
| 6. एक फ़्रिज जो आपके खाने को ठंडा रखता है | |

**टिप्स:**

प्रत्येक उदाहरण में दी गई जानकारी को ध्यान से समझें। हो सकता है कि आपको कुछ संकेत मिलें जिससे आपको AI का उपयोग हो रहा है या नहीं, पहचानने में मदद मिले।

ऐसी मशीनें जो समय के साथ सीखते हुए पहले से अधिक समझदार हो जाती हैं, उन्हें हम AI कहते हैं, जबकि ऐसी मशीनें जो पहले से तय निर्देशों का ही पालन करती हैं, वह AI नहीं होती हैं।

**चर्चा करें:**

जोड़े में, अपने साथी के साथ इन सवालों पर चर्चा करें:

- आपने किन उदाहरणों को AI माना है, और क्यों?
- आपने किन उदाहरणों को AI नहीं माना है, और क्यों?
- क्या क्विज़ के बाद AI के बारे में आपकी समझ में कुछ बदलाव आया है?

**कार्य:** अब जब आपने AI के कुछ उदाहरण देख लिए हैं, तो क्या आप बता सकते हैं कि AI क्या है? अपने विचार साझा करने के लिए आप लिख सकते हैं, चित्र बना सकते हैं या AI का भी उपयोग कर सकते हैं - अपनी सोच को पंख लगाकर उड़ने दें!

**निर्देश:** अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें। (आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)

| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | AI के बारे में सरल शब्दों में बताएँ और कुछ उदाहरण दें। |
|---|---|

किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT को हम जो निर्देश देते हैं या सवाल पूछते हैं, उन्हें प्रॉम्प्ट कहते हैं। वे इन प्रॉम्प्ट की मदद से समझ पाते हैं कि आप क्या चाहते हैं और आपके सवाल या निर्देश के अनुसार आपको जवाब देते हैं। जितने सटीक आपके प्रॉम्प्ट होंगे, उतने ही बेहतर आपको जवाब मिलेंगे।

**याद रखें:** कभी -कभी, एक प्रॉम्प्ट देने से आपको सारी जानकारी या सटीक जानकारी नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में, आपको जवाब में सुधार के लिए कुछ और प्रॉम्प्ट भी देने पड़ सकते हैं।

**नोट:** AI मानव बुद्धिमता की तरह नहीं है। यह न सोचता है और न ही भावनाओं को महसूस करता है। यह इंसानों के द्वारा बनाया गया है और अपने अनुभवों से सीखकर इसमें सुधार आते रहते हैं।

**कार्य:** पता करें कि AI किस तरह अस्पताल और विद्यालयों में मदद कर रहे हैं। दिए गए वाक्यों को पूरा करें।

**निर्देश:** अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें।(आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)

| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | सरल शब्दों में बताएँ कि अस्पताल और विद्यालयों में AI किस तरह मदद करते हैं। स्पष्टता के लिए कुछ उदाहरण भी बताएँ। |
|---|---|

अस्पताल में AI की मदद से ______________________________


______________________________

______________________________

विद्यालय में AI की मदद से ______________________________

______________________________

______________________________



## *आज मैंने सीखा:*

अगर आपने इस विषय को अच्छी तरह समझ लिया है तो सही का निशान (✓) लगाएँ।

1. इंटेलिजेंट मशीनें बनाने के विज्ञान को AI कहते हैं। ☐
2. ऐसी मशीनें जो समय के साथ सीखते हुए पहले से अधिक समझदार हो जाती हैं, उन्हें हम AI कहते हैं, जबकि ऐसी मशीनें जो पहले से तय निर्देशों का ही पालन करती रहती हैं, वह AI नहीं होती हैं। ☐
3. AI हर जगह है और हम हर रोज़ AI का उपयोग कर रहे हैं। ☐

## और सीखने के लिए

**यह डिजिटल लेसन देखें :**
AI को समझें

**किसी दोस्त या परिवार के सदस्य से AI के बारे में बात करें:** अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को बताएँ कि आपने आज क्या सीखा!



**AI टूल का उपयोग करें :** मुफ़्त में उपलब्ध AI टूल का उपयोग करके देखें कि यह कैसे काम करते हैं:

- Microsoft Copilot: https://www.bing.com/chat
- Gemini: https://gemini.google.com/
- ChatGPT: https://chatgpt.com/

**सवाल पूछें:** अगर आपके पास AI से जुड़े कुछ सवाल हैं तो अपने शिक्षक या किसी दोस्त से पूछें और मिल-जुलकर सीखें।

### एक्टिविटी के जवाब :

**13.1.1: क्या आप जानते हैं कि इन ऐप्स में AI का प्रयोग कैसे होता है? ऐप्स का उनके AI के उपयोग से मिलान करें।**

1. Instagram - E
2. Amazon - B
3. Netflix - A
4. Facebook - C
5. Google Maps - D

**13.1.2: AI है या AI नहीं है?**

| उदाहरण | AI है या नहीं है | कारण |
|---|---|---|
| 1. | ✕ | एक डिजिटल घड़ी अपने मैकेनिज़्म के अनुसार केवल समय बताती है। यह न तो कुछ नया सीखती है और न ही कोई निर्णय लेती है। |
| 2. | ✓ | एक स्मार्टफ़ोन सीखता है और आपके द्वारा पहले टाइप किए गए शब्दों के आधार पर यह अनुमान भी लगाता है कि आप आगे क्या टाइप करना चाहते हैं। |
| 3. | ✓ | मोबाइल ऐप AI का प्रयोग करते हुए आपके द्वारा पहले देखी गई फिल्मों के आधार पर आपको पसंद आ सकने वाली फ़िल्मों के सुझाव देता है। |
| 4. | ✕ | कैल्क्युलेटर केवल गणितीय गणना करता है। यह न तो कुछ नया सीखता है, न पैटर्न की पहचान करता है और न ही आपके पिछले सवालों के आधार पर नए सवालों का अनुमान लगाता है। |
| 5. | ✓ | यह ऐप AI की मदद से फोटो का विश्लेषण करता है और पौधे में संभावित बीमारी की पहचान करता है। |
| 6. | ✕ | एक फ़्रिज बिना कुछ नया सीखे या पैटर्न की पहचान किए बिना भोजन को ठंडा करता है। |

# 13.2 AI कैसे काम करता है?

## इस पाठ में आप सीखेंगे:

1. AI कैसे काम करता है?
2. डेटा क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है?
3. AI किस तरह डेटा से सीखता है? मशीन लर्निंग vs. डीप लर्निंग



## डेटा की मदद से केस को हल करें!

मान लें कि आप एक जासूस हैं और चोरी के केस को हल करने की कोशिश कर रहे हैं।

- स्थिति 1: आपके पास चोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं है।
- स्थिति 2: आपको घटनास्थल पर कुछ उंगलियों के निशान मिले हैं।
- स्थिति 3: आपको लॉकर पर उंगलियों के निशान और घटनास्थल की CCTV रिकॉर्डिंग मिली है।

जैसे एक जासूस को किसी केस को हल करने के लिए सूचना और सुराग की ज़रूरत होती है, उसी तरह सही सुझाव देने और निर्णय लेने के लिए AI को डेटा की ज़रूरत होती है।

**इनमें से किस स्थिति में चोर को पकड़ना आसान होगा, और क्यों?**

- स्थिति 1, क्योंकि कोई भी जानकारी नहीं होने से चोर को पकड़ने में आसानी होगी।
- स्थिति 2, क्योंकि चोर की पहचान करने के लिए सिर्फ़ उंगलियों के निशान काफ़ी हैं।
- स्थिति 3, क्योंकि उंगलियों के निशान और CCTV रिकॉर्डिंग से चोर को पहचानने के लिए अधिक सुराग मिलेंगे।

## 13.2.1 AI कैसे काम करता है?

**YouTube के साथ AI का जादू:** हम जानते हैं कि YouTube आपको गानों और वीडियो के सुझाव देने के लिए AI का उपयोग करता है। लेकिन YouTube यह कैसे पता करता है कि आपको किस तरह की वीडियो पसंद आएँगी। सही जवाब का चयन करें।

A. यह किसी भी वीडियो का सुझाव देता है।

B. यह आपके दोस्तों से पूछता है कि आपको कौन सी वीडियो पसंद आएँगी।

C. यह देखता है कि आपने पहले कौन सी वीडियो देखी है।

D. यह केवल सबसे प्रचलित चल रही वीडियो के सुझाव देता है।

**आपको क्या लगता है कि YouTube किस तरह के डेटा का उपयोग करता है? आपको जो भी विकल्प सही लगते हैं उन पर निशान लगाएँ।**

☐ देखे गए वीडियो (वीडियो जिन्हें आप पहले देख चुके हैं)

☐ सर्च किए गए वीडियो (वीडियो जिन्हें आपने पहले सर्च किया है)

☐ पसंद किए गए वीडियो (वीडियो जिन्हें अपने लाइक किया है)

☐ वीडियो पर आपके द्वारा दिए गए कमेंट

☐ वीडियो देखने में आपके द्वारा बिताया गया समय

☐ दिन का वह समय जब आप आमतौर पर वीडियो देखते हैं

☐ वीडियो देखने के लिए आप जिस डिवाइस का उपयोग करते हैं



लिखित संदेश, सोशल मीडिया पोस्ट से लेकर फोटो व संगीत - कोई भी जानकारी जिसे इकट्ठा किया जा सकता है, वह डेटा हो सकता है।

**नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़ें। अगर यह वाक्य ठीक है, तो 'सही' पर गोला लगाएँ, और अगर यह ठीक नहीं है तो 'गलत' पर गोला लगाएँ।**

1. चाहे आपने अपने अकाउंट में साइन-इन किया हो या नहीं, YouTube के सुझावों में कोई बदलाव नहीं आता। **सही या गलत**
2. साइन-इन करने पर YouTube के सुझावों में आने वाले बदलाव से पता चलता है कि AI बहुत हद तक यूज़र-डेटा पर निर्भर है। **सही या गलत**

YouTube का AI आपको पसंद आ सकने वाली वीडियो के सुझाव देने के लिए आपके द्वारा देखी गई वीडियो के डेटा का उपयोग करता है। साइन-इन करने पर आपको बेहतर सुझाव मिलते हैं क्योंकि तब AI के पास आपके बारे में अधिक डेटा होता है।

## 13.2.2 डेटा क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है?

**आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले ऐप्स में AI को सीखने और सुझाव या जानकारी देने के लिए डेटा की ज़रूरत होती है।**

**कार्य:** ऐसे रोज़मर्रा के कामों के बारे में सोचें जहाँ डेटा का उपयोग होता है।

- मौसम बताने वाले ऐप्स मौसम को लेकर भविष्यवाणी कैसे कर पाते हैं?
- इंस्टाग्राम पर आपको रील्स के सुझाव कैसे मिलते हैं?

प्रत्येक के लिए पता करें: किस प्रकार का डेटा इकट्ठा किया जाता है, यह डेटा किस प्रकार इस्तेमाल होता है, और यह डेटा क्यों ज़रूरी है??

**निर्देश:** अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें। (आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)

**AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट**

1. सरल शब्दों में बताएँ कि मौसम बताने वाले ऐप्स मौसम को लेकर भविष्यवाणी कैसे कर पाते हैं? यह भी बताएँ कि इसके लिए किस तरह का डेटा इकट्ठा किया जाता है, इस डेटा का उपयोग कैसे होता है, और मौसम की सही भविष्यवाणी करने के लिए यह क्यों ज़रूरी है?
2. सरल शब्दों में बताएँ कि इंस्टाग्राम पर हमें रील्स के सुझाव कैसे मिलते हैं? यह भी बताएँ कि इसके लिए किस तरह का डेटा इकट्ठा किया जाता है, इस डेटा का उपयोग कैसे होता है, और रील्स के सही सुझाव देने के लिए यह क्यों ज़रूरी है?

**याद रखें:** कभी -कभी, एक प्रॉम्प्ट देने से आपको सारी जानकारी या सटीक जानकारी नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में, आपको जवाब में सुधार के लिए कुछ और प्रॉम्प्ट भी देने पड़ सकते हैं।

**आपको मिली जानकारी यहाँ लिखें और क्लास के साथ साझा करें।**


| **जानकारी** | **1: मौसम की भविष्यवाणी कैसे की जाती है** | **2: इंस्टाग्राम पर रील के सुझाव कैसे मिलते हैं** |
|---|---|---|
| किस तरह का डेटा इकठ्ठा किया जाता है? | | |
| इस डेटा का उपयोग कैसे होता है? | | |
| यह डेटा क्यों ज़रूरी है? | | |

## 13.2.3 AI किस तरह डेटा से सीखता है? मशीन लर्निंग vs. डीप लर्निंग

AI के बारे में सीखने के हमारे सफ़र में हमने जाना कि AI डेटा की मदद से सीखता है। **पर सवाल यह है कि AI सीखने के लिए डेटा का उपयोग कैसे करता है?**

आपने **'मशीन लर्निंग'** और **'डीप लर्निंग'** के बारे में सुना होगा। ये वो ख़ास तरीक़े हैं जिनकी मदद से AI डेटा से सीखता है।

| | मशीन लर्निंग (ML) | डीप लर्निंग (DL) | |
|---|---|---|---|
|  | ML के बारे में इस तरह समझें कि जैसे कोई रेसिपी की किताब से खाना बनाना सीख रहा हो। खाना बनाने (**परिणाम**) के लिए रेसिपी में दिए गए चरणों (**algorithm**) का पालन करें और सामग्री (**डेटा**) का उपयोग करें। | आप एक अनुभवी शेफ़ हैं, जो स्वाद के परीक्षण से और कुछ नया करके सीखते हैं। आपको किसी रेसिपी की ज़रूरत नहीं है, बल्कि आप अलग-अलग सामग्री और तकनीक का उपयोग करते हुए नए पकवान बनाते हैं। |  |
| | आप जितनी अधिक रेसिपी का अभ्यास करेंगे, आप खाना बनाने (**सुझाव देने**) में उतने ही बेहतर होते जाएँगे। | इसे DL कहते हैं जिसमें कंप्यूटर डेटा के भंडार की मदद से सीखता है, पैटर्न खोजता है, और कोई स्पष्ट निर्देश दिए बिना भी निर्णय लेने में सक्षम होता है। | |




### ख़ाली स्थान भरें:

1. मशीन लर्निंग (ML) में कंप्यूटर ________ से सीखते हैं और निर्णय लेते हैं।
2. डीप लर्निंग (DL) में कंप्यूटर, बहुत सारे डेटा में ________ खोजते हैं और सीखते हैं।
3. ________ भी ___________ का ही एक विकसित रूप है, जो कि स्वयं AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का हिस्सा है।

**कार्य:** दिए गए टेबल को पूरा करें

**निर्देश:** अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें। (आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)

| | |
|---|---|
| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | मशीन लर्निंग (ML) और डीप लर्निंग (DL) को सरल शब्दों में समझाएँ। दोनों के बीच तुलना को विस्तार से एक टेबल में डालें जिसमें इनके सीखने के तरीक़े, डेटा पर इनकी निर्भरता, सीखने में लगने वाला समय और इनके प्रमुख उपयोग के बारे में आसान भाषा में समझाया गया हो। |

**तुलनात्मक टेबल**

| मापदंड | मशीन लर्निंग | डीप लर्निंग |
|---|---|---|
| **सीखने के तरीक़े**<br>ML/DL किस तरह डेटा का उपयोग करके सीखते हैं? | | |
| **डेटा पर इनकी निर्भरता**<br>सही से काम करने के लिए कितना डेटा चाहिए? | | |
| **सीखने में लगने वाला समय**<br>ML/DL मॉडल को सीखने में कितना समय लगता है? | | |
| **प्रमुख उपयोग**<br>आमतौर पर इसका उपयोग कहाँ होता है? | | |

**कार्य:** पता करें कि Netflix और Amazon Prime Video किस तरह ML और DL का उपयोग करते हैं।

**निर्देश: अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे** Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें। (आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)




कुछ ऐप्लिकेशन, ML और DL, दोनों का उपयोग करते हैं।

**उदाहरण:** आप अपनी **फेसबुक** फ़ीड (feed) में जो देखते हैं उसे व्यवस्थित करने के लिए फेसबुक मशीन लर्निंग का उपयोग करता है, और तस्वीरों को पहचानने और उनके लिए 'टैग' सुझाने के लिए डीप लर्निंग का उपयोग करता है।

तस्वीरों की पहचान करने के लिए डीप लर्निंग द्वारा सुझाए गए लेबल को 'टैग' कहते हैं।


| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | सरल शब्दों में बताएँ कि Netflix और Amazon Prime Video किस तरह मशीन लर्निंग (ML) और डीप लर्निंग (DL) का उपयोग करते हैं। अलग-अलग बिंदु में बताएँ कि यह दोनों मशीन लर्निंग (ML) और डीप लर्निंग (DL) का उपयोग किस प्रकार करते हैं? |
|---|---|

Netflix व Amazon Prime Video, ML के उपयोग से ____________________

____________________

Netflix व Amazon Prime Video, DL के उपयोग से ____________________

____________________



## *आज मैंने सीखा:*

अगर आपने इस विषय को अच्छी तरह समझ लिया है तो सही का निशान (✓) लगाएँ।

1. AI डेटा की मदद से सीखता है और जितना अधिक डेटा होगा, यह उतने बेहतर निर्णय ले पाएगा। ☐
2. मशीन लर्निंग (ML) में कंप्यूटर उदाहरणों की मदद से सीखते हैं। ☐
3. डीप लर्निंग (DL) में कंप्यूटर बहुत सारे डेटा में पैटर्न खोजता है और इससे सीखता है। ☐
4. मशीन लर्निंग निर्देशों का पालन करती है, वहीं डीप लर्निंग का सीखने का तरीका इंसानों जैसा है। ☐
5. AI एक व्यापक क्षेत्र है। मशीन लर्निंग AI का एक हिस्सा है जिसमें कंप्यूटर डेटा की मदद से सीखता है। वहीं डीप लर्निंग में सीखने के लिए एक विकसित तकनीक का उपयोग होता है और यह मशीन लर्निंग का एक हिस्सा है। ☐
6. ऐप्स, अपनी ज़रूरत और काम के अनुसार मशीन लर्निंग (ML) और डीप लर्निंग (DL) या दोनों का उपयोग कर सकते हैं। ☐

## और सीखने के लिए

**ये डिजिटल लेसन देखें :**

AI कैसे काम करता है? - 1

AI कैसे काम करता है? - 2

**किसी दोस्त या परिवार के सदस्य से AI के बारे में बात करें:** अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को बताएँ कि आपने आज क्या सीखा!

**AI टूल का उपयोग करें :** मुफ़्त में उपलब्ध AI टूल का उपयोग करके देखें कि यह कैसे काम करते हैं:

- Microsoft Copilot: https://www.bing.com/chat
- Gemini: https://gemini.google.com/
- ChatGPT: https://chatgpt.com/



**सवाल पूछें:** अगर आपके पास AI से जुड़े कुछ सवाल हैं तो अपने शिक्षक या किसी दोस्त से पूछें और मिल-जुलकर सीखें।

### एक्टिविटी के जवाब

**सोचें और बताएँ**

स्थिति 1, क्योंकि कोई भी जानकारी नहीं होने से चोर को पकड़ने में आसानी होगी।

यह सही नहीं है क्योंकि कोई भी जानकारी नहीं होने का मतलब है कि हमारे पास कोई सुराग नहीं है, और चोर को पकड़ने में हमें कोई मदद नहीं मिलेगी।

स्थिति 2, क्योंकि चोर की पहचान करने के लिए सिर्फ़ उंगलियों के निशान काफ़ी हैं।

यह सही नहीं है क्योंकि केवल उंगलियों के निशान के आधार पर यह बताना मुश्किल होगा कि चोरी किसने की है।

स्थिति 3, क्योंकि उंगलियों के निशान और CCTV रिकॉर्डिंग से चोर को पहचानने के लिए अधिक सुराग मिलेंगे।

यह जवाब सही है क्योंकि ज़्यादा सुराग होने से चोर को पकड़ने की संभावना बढ़ जाती है।

**13.2.1 YouTube और AI का जादू**

सही जवाब: C. यह देखता है कि आपने पहले कौन सी वीडियो देखी है।

**13.2.1 YouTube किस तरह के डेटा का उपयोग करता है?**
सभी विकल्प सही हैं. YouTube एक यूज़र के तौर पर आपको समझने के लिए इन सभी डेटा का उपयोग करता है।

**13.2.1 सही या गलत**

- चाहे आपने अपने अकाउंट में साइन-इन किया हो या नहीं, YouTube के सुझावों में कोई बदलाव नहीं आता।
  **गलत**
- साइन-इन करने पर YouTube के सुझावों में आने वाले बदलाव से पता चलता है कि AI बहुत हद तक यूज़र-डेटा पर निर्भर है।
  **सही**

**13.2.3 ख़ाली स्थान भरें:**
1. मशीन लर्निंग (ML) में कंप्यूटर **डेटा** से सीखते हैं और निर्णय लेते हैं।
2. डीप लर्निंग में कंप्यूटर बहुत सारे डेटा में **पैटर्न** खोजते हैं और सीखते हैं।
3. **डीप लर्निंग** भी **मशीन लर्निंग** का ही एक विकसित रूप है, जो कि स्वयं AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का हिस्सा है।

# 13.3 AI के प्रकार

**इस पाठ में आप सीखेंगे:**

1. AI के प्रकार: नैरो (narrow) व जनरल (general)
2. AI का इतिहास

## AI और हम!

पिछले दो पाठ में हमने ऐसे कई ऐप्स के बारे में जाना जो AI का उपयोग करते हैं। इसके अलावा भी अनेक ऐप्स हैं जिनमें AI का इस्तेमाल होता है। यहाँ उनकी एक सूची दी गई है। आपने इनमें से कितने ऐप्स का उपयोग किया है? उन पर सही का निशान लगाएँ और बताएँ कि वे क्या काम करते हैं?




- ☐ Google Translate: एक भाषा में लिखे गए शब्दों या कही गई बात का दूसरी भाषा में अनुवाद करता है।
- ☐ Google Assistant
- ☐ Spotify
- ☐ Snapchat
- ☐ Grammarly
- ☐ Duolingo
- ☐ Shazam
- ☐ Ola या Uber
- ☐ Amazon Alexa
- ☐ Flipkart

**चर्चा करें:**

क्या ये ऐप्स संगीत बजाना, सुझाव देना, रिमाइंडर सेट करना आदि सभी तरह के काम करते हैं, या ये केवल किसी ख़ास काम के लिए उपयोग में आते हैं? अपने विचार दिए गए स्थान में लिखें।

आपने देखा होगा कि ये सभी ऐप्स कुछ ख़ास कार्य करने जैसे गानों का सुझाव देने, भाषाओं का अनुवाद करने, या कहीं जाने का सबसे छोटा रास्ता खोजने के लिए AI का उपयोग करते हैं। यहाँ हमें AI के बारे में एक महत्वपूर्ण बात जानने को मिलेगी - Narrow और General AI के बीच का अंतर।

AI ऐप्लिकेशन कई तरह के कामों में हमारी मदद कर सकते हैं पर वे अभी भी विकसित हो रहे हैं और ख़ास तरह के काम करने में ही सक्षम हैं।

## 13.3.1 Narrow और General AI क्या हैं?

**कार्य:** यहाँ दी गई टेबल को पूरा करें!

**निर्देश:** अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें। (आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)

| | |
|---|---|
| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | Narrow AI और General AI के बीच का अंतर आसान भाषा में समझाएँ। दोनों से जुड़े कुछ उदाहरण भी दें। |


**याद रखें:** कभी -कभी, एक प्रॉम्प्ट देने से आपको सारी जानकारी या सटीक जानकारी नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में, आपको जवाब में सुधार के लिए कुछ और प्रॉम्प्ट भी देने पड़ सकते हैं।

तुलनात्मक टेबल

| AI के प्रकार | विवरण | उदाहरण |
|---|---|---|
| Narrow AI | | |
| General AI | | |

**यहाँ दिए गए उदाहरणों में सही AI विकल्प की पहचान करें :**

1. एक ऐप्लिकेशन जो सर्वश्रेष्ठ स्तर का शतरंज (chess) खेल सकता है पर इसके अतिरिक्त और कोई काम नहीं कर सकता। **(Narrow AI /General AI)**
2. भाषा-अनुवाद का एक ऐप जो एक भाषा में लिखे हुए शब्दों या वाक्यों का किसी अन्य भाषा में अनुवाद कर सकता है। **(Narrow AI / General AI)**
3. सीरी (Siri) या अलेक्सा (Alexa), जो आपके लिए रिमाइंडर सेट कर सकते हैं, गाने चला सकते हैं और आपके सवालों का जवाब दे सकते हैं। **(Narrow AI /General AI)**



मान लें कि आप एक बहुत बड़ी लाइब्रेरी में हैं और आपको एक किताब खोजने के लिए मदद चाहिए। वहाँ दो रोबोट हैं:

**रोबोट 1:** किताब के नाम से खोज करने में सक्षम है

**रोबोट 2:** किताब के नाम, लेखक या विवरण के आधार पर खोज करने में सक्षम है

**क्या आप बता सकते हैं कि इनमें से कौन Narrow AI है और कौन General AI है?**

वैज्ञानिक जनरल AI बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं पर इसमें अभी तक सफलता नहीं मिली है।

रोबोट 1 ______________________________ है,

क्योंकि ______________________________

रोबोट 2 ______________________________ है,

क्योंकि ______________________________

## 13.3.2 AI का इतिहास



**कार्य:** AI के इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को टाइमलाइन (समयरेखा) में दर्शाए गए क्रम में लिखें।

**निर्देश:** अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें। (आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)

| AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट | AI के अब तक के सफ़र के बारे में आसान शब्दों में बताएँ। इससे जुड़े महत्वपूर्ण पड़ाव, चुनौतियाँ, प्रभाव और भविष्य की सम्भावनाओं के बारे में बताएँ। |
|---|---|

**टाइमलाइन / समयरेखा को पूरा करें**



1950
AI का जन्म

*वैज्ञानिकों ने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के बारे में बात करना शुरू किया, जिससे उनका तात्पर्य था ऐसी मशीनें बनाना जो इंसानों के सोचने के कौशल की नकल कर सकती हों।*



1960s-1970s
चैट-बॉट्स आदि

______________________________

______________________________




1980s-1990s
धीमी गति से विकास

______________________________

______________________________



2000
AI के अनेक रूप

______________________________


______________________________



2010 से अब तक
तेज़ी से बदलाव
और विकास

______________________________

______________________________



## *आज मैंने सीखा:*

अगर आपने इस विषय को अच्छी तरह समझ लिया है तो सही का निशान (✓) लगाएँ।

1. Narrow AI कोई एक तरह का काम अच्छे तरीक़े से करने में सक्षम होते हैं। ☐
2. General AI अनेक तरह के काम कर सकते हैं, पर यह अभी बने नहीं हैं। ☐
3. AI हमारे जीवन के अनेक हिस्सों पर अपना प्रभाव डाल रहे हैं, जैसे स्वास्थ्य और परिवहन। ☐

## और सीखने के लिए

**यह डिजिटल लेसन देखें :**

AI के प्रकार



**किसी दोस्त या परिवार के सदस्य से AI के बारे में बात करें:** अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को बताएँ कि आपने आज क्या सीखा!

**AI टूल का उपयोग करें :** मुफ़्त में उपलब्ध AI टूल का उपयोग करके देखें कि यह कैसे काम करते हैं:

- Microsoft Copilot: https://www.bing.com/chat
- Gemini: https://gemini.google.com/
- ChatGPT: https://chatgpt.com/

**सवाल पूछें:** अगर आपके पास AI से जुड़े कुछ सवाल हैं तो अपने शिक्षक या किसी दोस्त से पूछें और मिल-जुलकर सीखें।

### एक्टिविटी के जवाब:

**13.3.1: यहाँ दिए गए उदाहरणों में सही AI विकल्प की पहचान करें :**

1. Narrow AI
2. NarrowAI
3. NarrowAI


# 13.4 AI क्या कर सकता है?

## इस पाठ में आप सीखेंगे:

1. जेनरेटिव AI क्या है? यह हमें किस तरह प्रभावित करता है?
2. AI से किस तरह बात या संवाद करें?
3. अलग-अलग कार्यों में जेनरेटिव AI का उपयोग।

## सोचें और बताएँ

सोचें कि आपके पास एक जादुई टूल है, जो कुछ भी तैयार कर सकता है, एक पेंटिंग, कोई गाना, या फिर एक कहानी। अभी इस समय आप इस टूल से क्या बनाने के लिए कहेंगे?



☐ एक पेंटिंग ☐ एक गाना ☐ एक कहानी

**आपके अनुसार यह आपके नए आइडिया सोचने और कुछ नया बनाने के तरीके को किस तरह से बदल सकता है?**

1. इससे मुझे और रचनात्मक होने और नई चीज़ें आज़माने में मदद मिलेगी।
2. इन टूल्स की मदद से मुझे अपने काम तेजी से पूरा करने में मदद मिलेगी।
3. इससे मुझे नई चीजों के बारे में जानने और उन्हें बनाने के तरीके समझने में मदद मिलेगी।
4. हो सकता है कि इससे मैं आलसी हो जाऊं क्योंकि अब मुझे यह काम खुद नहीं करने पड़ेंगे।

अब जबकि हम इस पर चर्चा कर चुके हैं कि कैसे एक जादुई टूल कुछ नया बनाने और काम बेहतर तरीक़े से करने में आपकी मदद कर सकता है, तो आइए अब ऐसी तकनीक के बारे में जानते हैं जो सच में ऐसा कर सकती है। इसे जेनरेटिव AI कहते हैं।

### 13.4.1 जेनरेटिव AI क्या है?

**कार्य:** पता करें कि जेनरेटिव AI क्या होता है और यह AI से किस तरह अलग है। समझें कि आजकल सभी लोग इसके बारे में क्यों बात कर रहे हैं और इससे हमारे भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

**निर्देश:** अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें। (आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)

| AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट | प्रश्न 1: जेनरेटिव AI क्या होता है?<br>प्रश्न 2: जेनरेटिव AI और अन्य AI (अलेक्सा,सेल्फ ड्राइविंग कार, चैटबॉट्स) में क्या अंतर है ?<br>प्रश्न 3: आजकल सभी लोग इसके बारे में क्यों बात कर रहे हैं और इससे हमारे भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा?<br>तीनों प्रश्नों के उतर कृपया सरल भाषा और उदाहरणों का उपयोग करते हुए बिंदुओं में बताएँ! |
|---|---|

जेनरेटिव AI भी एक तरह का AI होता है जो नई चीज़ें जैसे तस्वीरें, संगीत, कॉंटेंट, और सीखने के लिए सामग्री आदि बना सकता है।

परम्परागत AI पहले से मौजूद डेटा से सीखते हैं वहीं, जेनरेटिव AI पहले से मौजूद रचनाओं के आधार पर नई चीज़ें बनाता है।

अब आप जान चुके हैं कि जेनरेटिव AI नई चीज़ें जैसे तस्वीरें और वीडियो बना सकता है, तो आइए आपकी जेनरेटिव AI की समझ को परख लेते हैं।


**यहाँ दिए गए वाक्यों को पढ़ें। अगर वह वाक्य सही है, तो 'सही' पर गोला लगाएँ, और अगर वह वाक्य गलत है, तो 'गलत' पर गोला लगाएँ:**

1. जेनरेटिव AI, तस्वीरें और कॉंटेंट बना सकता है। **सही या गलत**
2. जेनरेटिव AI, गणित के सवालों को हल करके उनके जवाब खोज सकता है। **सही या गलत**
3. जेनरेटिव AI, न तो अलग-अलग भाषाओं को समझ सकता है और न ही उनमें बात कर सकता है। **सही या गलत**
4. जेनरेटिव AI, शब्दों, तस्वीरों या छोटी वीडियो क्लिप की मदद से अनोखी और नई वीडियो बना सकता है। **सही या गलत**

जेनरेटिव AI का उपयोग करने के लिए हमें ऐसे टूल्स से बात करना सीखना होगा जो इस तकनीक का उपयोग करते हैं। आइए जानें कि हम ऐसा कैसे कर सकते हैं।

## 13.4.2 AI टूल्स से बात कैसे करें

यह भी एक कौशल है, जिसमें आप स्पष्ट और विस्तृत निर्देश लिख कर AI को बताते हैं कि क्या बनाना है या आपके सवालों का जवाब किस तरह देना है। इन निर्देशों को प्रॉम्प्ट कहते हैं।



आइए, इसे एक उदाहरण की मदद से समझते हैं:

**बेस प्रॉम्प्ट (Base Prompt) या प्रॉम्प्ट:** *"बारिश के मौसम के बारे में एक कविता लिखें।"*

एक बेस प्रॉम्प्ट जिसे हम प्रॉम्प्ट भी कहते हैं, AI को दिया जाने वाला पहला निर्देश होता है जिसमें आप बताते हैं कि आप क्या चाहते हैं। कभी-कभी ऐसा हो सकता है कि AI से मिला जवाब वैसा न हो जैसा आप चाहते थे - उदाहरण के लिए यह बहुत लंबा या समझने में मुश्किल हो सकता है। AI से मिले जवाब को बेहतर बनाने के लिए आप इसे फॉलो-अप प्रॉम्प्ट दे सकते हैं।

**फॉलो-अप प्रॉम्प्ट:** *"कविता को इस तरह लिखें कि 8-14 साल के बच्चे इसे समझ पाएँ, इसे 10 पंक्तियों में लिखें और तुकबंदी के साथ लिखें।"*

एक फॉलो-अप प्रॉम्प्ट वह अतिरिक्त निर्देश या प्रश्न होते हैं जिसे आप बेस-प्रॉम्प्ट के बाद बताते या पूछते हैं। इससे AI को आपकी ज़रूरत समझकर अपना जवाब बेहतर बनाने में मदद मिलती है। आप AI को अपनी पसंद का जवाब मिलने तक फॉलो-अप प्रॉम्प्ट देते रह सकते हैं।

**उदाहरण 2:** इन प्रॉम्प्ट को AI टूल में लिखें और देखें कि आपको क्या जवाब मिलते हैं।

**बेस प्रॉम्प्ट:** *मैं अंग्रेजी में बात करना कैसे सीखूँ?*

**फॉलो-अप प्रॉम्प्ट:** *मेरे पास एक स्मार्टफोन है। क्या आप अंग्रेजी सीखने में मदद करने के लिए कोई ऑनलाइन ऐप या वेबसाइट के बारे में बता सकते हैं?*

**फॉलो-अप प्रॉम्प्ट:** *अंग्रेज़ी बोलने के कौशल में सुधार करने के लिए मुझे हर रोज़ किन बातों का अभ्यास करना चाहिए?*

**कार्य:** किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें और दिए गए प्रॉम्प्ट की मदद से जवाब खोजें, अपने फॉलो-अप प्रॉम्प्ट बनाएँ और यहाँ दिए गए स्थान में आपके बनाए गए प्रॉम्प्ट को लिखें।

**बेस प्रॉम्प्ट:** हैलो! अंग्रेज़ी में बात करने का अभ्यास करते हैं।


**फॉलो-अप प्रॉम्प्ट:** आप मेरे दोस्त हैं और अंग्रेजी सीखने में मेरी मदद कर रहे हैं। किसी मज़ेदार या रोचक मुद्दे पर बात करते हैं। मुझसे अंग्रेज़ी भाषा में कुछ सवाल पूछें।

**फॉलो-अप प्रॉम्प्ट:**

**फॉलो-अप प्रॉम्प्ट:**

## अच्छे vs. ख़राब प्रॉम्प्ट:

एक अच्छे प्रॉम्प्ट में सभी ज़रूरी जानकारी शामिल होती है, जिससे AI को सटीक रूप से पता चलता है कि उसे क्या करना है। वहीं, ख़राब प्रॉम्प्ट में अस्पष्ट या कार्य से जुड़ी जानकारी नहीं दी गई होती है। इससे AI को यह समझने में मुश्किल आती है कि करना क्या है और जवाब में गलती हो सकती है।



ऐसा सोचें कि आपको 4 लोगों के लिए पाव-भाजी बनानी है। आप रेसिपी पता करने के लिए AI का उपयोग करने के बारे में सोचते हैं और प्रॉम्प्ट देते हैं, *"मुझे बताओ कि खाना कैसे बनाते हैं?"*

यह प्रॉम्प्ट अच्छा है या ख़राब है? अपने जवाब का कारण भी बताएँ।

**जवाब:**

यह एक ख़राब प्रॉम्प्ट है क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है। इससे यह नहीं पता चल रहा है कि क्या बनाना है, और कैसे बनाना है। इससे AI को यह नहीं पता चलेगा कि उससे क्या जानकारी माँगी जा रही है।

अब, सोचें कि आपने यह प्रॉम्प्ट दिया होता, *"चार लोगों के लिए पाव-भाजी बनाने की आसान रेसिपी बताएँ। भाजी बनाने और मक्खन-पाव बनाने के की विधि विस्तार से बताएँ।"*

यह प्रॉम्प्ट अच्छा है या ख़राब है? अपने जवाब का कारण भी बताएँ।

**जवाब:**


यह एक अच्छा प्रॉम्प्ट है क्योंकि यह स्पष्ट रूप से लिखा गया है। इसमें पाव-भाजी की रेसिपी के बारे में पूछा गया है, जो बनाने में आसान हो, और चार लोगों के लिए होनी चाहिए। इसमें पाव और भाजी को अलग-अलग तैयार करने बारे में पूछा गया है। इससे AI को सही तरीक़े से पता चलेगा कि उससे क्या जानकारी माँगी जा रही है।

अब आपने प्रॉम्प्ट के बारे में जान लिया है तो आइए, आपकी समझ को परखते हैं।

**प्रत्येक के लिए बताएँ कि यह एक अच्छा प्रॉम्प्ट है या ख़राब प्रॉम्प्ट:**

1. बताएँ। **(अच्छा प्रॉम्प्ट / ख़राब प्रॉम्प्ट)**
2. राजधानी क्या है? **(अच्छा प्रॉम्प्ट / ख़राब प्रॉम्प्ट)**
3. करके बताएँ? **(अच्छा प्रॉम्प्ट / ख़राब प्रॉम्प्ट)**
4. क्या आप मुझे परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करने के कुछ तरीक़े बता सकते हैं? **(अच्छा प्रॉम्प्ट / ख़राब प्रॉम्प्ट)**

## 13.4.3 जेनरेटिव AI क्या कर सकता है?



जेनरेटिव AI तस्वीरें बना सकता है, निबंध और स्क्रिप्ट लिख सकता है, संगीत और वीडियो बना सकता है। इन सभी कार्यों के लिए मुफ़्त और भुगतान-आधारित टूल्स हैं, जिससे अलग-अलग क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को अपना कार्य जल्दी और बेहतर ढंग से करने में मदद मिल रही है।

मुफ़्त AI टूल के बारे में जानने के लिए इस प्रॉम्प्ट का उपयोग करें:

| | |
|---|---|
| **प्रॉम्प्ट:** | क्या आप कुछ ऐसे मुफ़्त AI टूल के बारे में बता सकते हैं जिससे मुझे कॉंटेंट, तस्वीरें, संगीत और वीडियो बनाने में मदद मिले? |

**कार्य:** सोचें कि आप एक YouTuber हैं, और आप अपने चैनल के लिए एक वीडियो बनाना चाहते हैं। आप AI टूल्स की मदद से कॉंटेंट, तस्वीरें और संगीत बना सकते हैं। अपने सहपाठियों के साथ समूह में इस पर काम करें और अगली कक्षा में आपने जो बनाया है, वो सब के साथ साझा करें।


**निर्देश:**

शब्द आधारित कॉंटेंट के लिए ChatGPT जैसे AI टूल का उपयोग करें।

तस्वीरें बनाने के लिए Bing या ArtBreeder जैसे AI टूल का उपयोग करें।

संगीत बनाने के लिए, Beatoven जैसे AI टूल का उपयोग करें और अपने वीडियो के लिए संगीत बनाएँ।

वीडियो को एडिट करने, तस्वीरों, संगीत और आपके कॉंटेंट को जोड़ने के लिए VN Editor जैसे AI टूल का उपयोग करें।



### *आज मैंने सीखा:*

अगर आपने इस विषय को अच्छी तरह समझ लिया है तो सही का निशान (✓) लगाएँ।

1. जेनरेटिव AI पहले से मौजूद जानकारी के आधार पर नई रचनाओं का निर्माण करता है। ☐
2. AI आधारित टूल की मदद से हमें कला, लेखन, संगीत और वीडियो आदि बनाने में मदद मिलती है। ☐
3. कुछ प्रचलित जेनरेटिव AI टूल इस प्रकार हैं - लिखने के लिए ChatGPT, तस्वीरों के लिए Gemini व Craiyon, और संगीत के लिए Beatoven। ☐

## और सीखने के लिए

**ये डिजिटल लेसन देखें :**

AI क्या कर सकता है?

AI से बात कैसे करें

**किसी दोस्त या परिवार के सदस्य से AI के बारे में बात करें:** अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को बताएँ कि आपने आज क्या सीखा!

**AI टूल का उपयोग करें :** मुफ़्त में उपलब्ध AI टूल का उपयोग करके देखें कि यह कैसे काम करते हैं:

- Microsoft Copilot: https://www.bing.com/chat
- Gemini: https://gemini.google.com/
- ChatGPT: https://chatgpt.com/

**सवाल पूछें:** अगर आपके पास AI से जुड़े कुछ सवाल हैं तो अपने शिक्षक या किसी दोस्त से पूछें और मिल-जुलकर सीखें।



## एक्टिविटी के जवाब:

**13.4.1 यहाँ दिए गए वाक्यों को पढ़ें। अगर वह वाक्य सही है, तो 'सही' पर गोला लगाएँ, और अगर वह वाक्य गलत है, तो 'गलत' पर गोला लगाएँ:**

1. जेनरेटिव AI, तस्वीरें और काँटेंट बना सकता है।
   **सही**
2. जेनरेटिव AI, गणित के सवालों को हल करके उनके जवाब खोज सकता है।
   **सही**
3. जेनरेटिव AI, न तो अलग-अलग भाषाओं को समझ सकता हैऔर न ही उनमें बात कर सकता है।
   **गलत**
4. जेनरेटिव AI, शब्दों, तस्वीरों या छोटी वीडियो क्लिप की मदद से अनोखी और नई वीडियो बना सकता है।
   **सही**

**13.4.2 प्रत्येक के लिए बताएँ कि यह एक अच्छा प्रॉम्प्ट है या ख़राब प्रॉम्प्ट:**

1. बताएँ।
   **जवाब:** यह एक ख़राब प्रॉम्प्ट है क्योंकि यह बहुत ही छोटा और अस्पष्ट है। इतने कम निर्देश के साथ AI के लिए कुछ भी सही ढंग से बताना बहुत मुश्किल हो जाएग।
2. राजधानी क्या है?
   **जवाब:** यह एक ख़राब प्रॉम्प्ट है क्योंकि इसमें स्पष्ट तरीक़े से नहीं बताया गया है कि किस राजधानी के बारे में सूचना चाहिए। इस निर्देश में और जानकारी (देश की राजधानी, राज्य की राजधानी) दी जानी चाहिए।
3. करके बताएँ?
   **जवाब:** यह एक ख़राब प्रॉम्प्ट है क्योंकि यह वाक्य पूरा नहीं है और इससे AI को यह नहीं पता चलेगा कि करना क्या है।
4. क्या आप मुझे परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करने के कुछ तरीक़े बता सकते हैं? (अच्छा प्रॉम्प्ट / ख़राब प्रॉम्प्ट)
   **जवाब:** यह एक अच्छा प्रॉम्प्ट है क्योंकि यह स्पष्ट रूप से लिखा गया है, और इससे AI को सही तरह से जवाब देने में मदद मिलेगी।

# 13.5 इंडस्ट्री और नौकरियों पर AI का प्रभाव

**इस पाठ में आप सीखेंगे:**

1. AI का इंडस्ट्री और नौकरियों पर प्रभाव
2. काम में AI से होने वाले लाभ और हानि

## कार्यस्थल पर AI का उपयोग!

सोचें कि आप एक कैंटीन में जाते हैं, एक समोसा और कोल्ड-ड्रिंक लेते हैं, और क़तार में लगे बिना ही इसके बिल का भुगतान हो जाता है। न कोई इंतज़ार, ना काउंटर पर खड़े होकर भुगतान करने का झंझट - बस आप और आपके स्नैक्स! भविष्य के दृश्य जैसा लग रहा है ना? पर क्या आप जानते हैं कि ये अभी से हो रहा है, जैसे Amazon Go के स्टोर्स में, जहाँ लोग बिना कैशियर के ही ख़रीददारी कर रहे हैं।



**चर्चा के लिए प्रश्न:**



क्या आपको लगता है कि कैशियर के बिना ख़रीददारी करना एक अच्छा विचार है? क्यों, या क्यों नहीं?

अगर सभी स्टोर्स AI का उपयोग करने लगेंगे तो इससे किस तरह की नौकरियाँ प्रभावित होंगी?

स्टोर्स में AI के उपयोग से किस तरह की नई नौकरियाँ या अवसर तैयार होंगे?



## 13.5.1 AI से इंडस्ट्री और नौकरियाँ किस तरह प्रभावित हो रही हैं?

सोचें कि आप अपनी पसंद की नौकरी कर रहे हैं, चाहे यह इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, बढ़ई, मेकैनिक या कोई अन्य नौकरी हो। **आपके अनुसार, AI आपके काम में किस तरह आपकी मदद कर सकता है, या किस तरह आपके काम करने के तरीक़े को प्रभावित कर सकता है?**

पूछे गए प्रश्नों के उत्तर खोजें: आपकी मदद के लिए यहाँ एक उदाहरण दिया गया है।

| आपके कार्य | AI की भूमिका | चर्चा करें |
|---|---|---|
| आपने जिस नौकरी का चयन किया है, उससे जुड़े कार्यों के बारे में लिखें।<br>**उदाहरण के लिए,** मेकैनिक गाड़ियों को ठीक करते हैं और उनकी मरम्मत करते हैं। | AI का इन कार्यों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?<br>**उदाहरण के लिए,** AI पहले से ही गाड़ी में होने वाली समस्या का अनुमान लगा सकता है। | अपने दोस्तों के साथ चर्चा करें कि AI किस तरह आपके काम में आपकी मदद कर सकता है।<br>क्या AI के आने से आपका काम और बेहतर हो जाएगा? आपको ऐसा क्यों या क्यों नहीं लगता है? |



क्या आपने अपने उत्तर खोज लिए हैं? अगर नहीं, तो भी कोई बात नहीं। इसके लिए AI का उपयोग करते हैं। जवाब खोजने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें।

| ख़ाली स्थान में अपने ट्रेड के अनुसार नौकरी का नाम लिखें। | |
|---|---|
| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | _______________ के तौर पर मनुष्य क्या-क्या काम करते हैं? AI का इस नौकरी पर क्या प्रभाव पड़ेगा? क्या AI इस काम को करने के तरीक़े को बेहतर बनाएगा या इसके कुछ हिस्सों को बदल देगा? |

**नौकरी/ काम:**________________________________

| आपके कार्य | AI की भूमिका | चर्चा करें |
|---|---|---|
| | | 1. AI किस तरह आपके काम में आपकी मदद कर सकता है?<br>2. क्या AI के आने से आपका काम और बेहतर हो जाएगा? आपको ऐसा क्यों या क्यों नहीं लगता है? |

## 13.5.2 काम में AI से होने वाले लाभ और हानि

**यहाँ दिए गए प्रत्येक वाक्य को पढ़ें कि यह AI से होने वाला लाभ है या हानि! लाभ (Advantage) के लिए 'A' और हानि (Disadvantage) के लिए 'D' लिखें।**

1. AI उबाऊ और दोहरान वाले कामों को संभाल सकता है।
2. इसे लागू करना बहुत खर्चीला हो सकता है।
3. AI तेजी से निर्णय लेने में मदद कर सकता है।
4. इससे कुछ लोगों की नौकरियाँ जाने का ख़तरा है।
5. AI बिना थके 24/7 काम कर सकता है।
6. अगर इसे सही तरीके से प्रोग्राम नहीं किया गया हो तो ग़लतियाँ होने के संभावना रहती है।
7. AI बहुत सारे डेटा का विश्लेषण कम समय में कर सकता है।
8. AI को निरंतर रखरखाव और अपडेट की जरूरत पड़ सकती है।

**कार्य:** आपने अपने लिए जिस नौकरी का चयन किया था, उसमें AI से हो सकने वाले लाभ और हानि के बारे में लिखें।

**निर्देश:** अपना जवाब लिखने के लिए किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें। अपना जवाब दिए गए स्थान में लिखें। (आप AI टूल से सवाल पूछने कि लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।)

| | |
|---|---|
| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | __________ की नौकरी के लिए AI का उपयोग करने के लाभ और हानि क्या हैं? कृपया 5 लाभ और 5 हानि बताएँ। |

लाभ ____________________

____________________

हानि ____________________


____________________

## AI के बारे में आपको कैसा महसूस हो रहा है?

थोड़ा समय लें और सोचें कि आपने नौकरियों और इंडस्ट्री पर AI के प्रभाव के बारे में आज क्या सीखा है। यहाँ कुछ भावनाओं के बारे में बताया गया है, आपको इस समय जैसा महसूस हो रहा है, उस भावना या उन भावनाओं को चुनें। सही का निशान लगाएँ या उन पर गोला बनाएँ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्साहित | जिज्ञासु | भ्रमित | चिंतित |
| प्रेरित | अनिश्चित | रुचिकर | व्याकुल |





## *आज मैंने सीखा:*

अगर आपने इस विषय को अच्छी तरह समझ लिया है तो सही का निशान (✓) लगाएँ।

1. AI हमारे काम करने के तरीक़े को बदल रहा है, जैसे बिना कैशियर की दुकानें। ☐
2. AI से लाभ और हानि, दोनों हैं। ऐसी में यह ज़रूरी है कि हम समझदारी के साथ इसका उपयोग करें। ☐

## और सीखने के लिए

**यह डिजिटल लेसन देखें :**
नौकरियों और इंडस्ट्री पर AI का प्रभाव

**किसी दोस्त या परिवार के सदस्य से AI के बारे में बात करें:** अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को बताएँ कि आपने आज क्या सीखा!



**AI टूल का उपयोग करें :** मुफ़्त में उपलब्ध AI टूल का उपयोग करके देखें कि यह कैसे काम करते हैं:

- Microsoft Copilot: https://www.bing.com/chat
- Gemini: https://gemini.google.com/
- ChatGPT: https://chatgpt.com/

**सवाल पूछें:** अगर आपके पास AI से जुड़े कुछ सवाल हैं तो अपने शिक्षक या किसी दोस्त से पूछें और मिल-जुलकर सीखें।

### एक्टिविटी के जवाब:


13.5.2 AI से होने वाले लाभ और हानि

1. A
2. D
3. A
4. D
5. A
6. D
7. A
8. D

# 13.6 AI से करियर विकल्पों को जानें

**इस पाठ में आप सीखेंगे:**

1. AI की मदद से अलग-अलग करियर विकल्पों के बारे में कैसे पता करें



**क्या आपको लगता है कि आपकी रूचि और योग्यता के अनुसार करियर-विकल्प खोजने में AI आपकी मदद कर सकता है? अपने विचार दिए गए स्थान में लिखें।**

______________________________

______________________________

## 13.6.1 AI की मदद से करियर के बारे में समझना

**कार्य:** ऐसे करियर विकल्पों के बारे में पता करें जो आपकी रुचियों और योग्यता से मेल खाते हैं।

**निर्देश:** किसी AI टूल जैसे Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करें और अपने लिए 10 करियर-विकल्प खोजें। AI टूल से सवाल पूछने कि लिए आप  दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं। AI टूल से पूछने से पहले प्रॉम्प्ट में दिए ख़ाली स्थान में अपने बारे में लिखना न भूलें।

| | |
|---|---|
| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | हैलो! मेरी उम्र _______ साल है, और मैं भारत के ______ राज्य में रहती/ रहता हूँ। मुझे _____________ पसंद है। मैं अभी ITI से ______________ कोर्स कर रही/रहा हूँ। इस जानकारी के आधार पर क्या आप 10 करियर-विकल्पों का सुझाव दे सकते हैं, जो मेरी रुचियों और योग्यता के अनुसार हो। कृपया पारंपरिक और नए, दोनों तरह के करियर विकल्प, अलग-अलग व संक्षेप में बताएँ।<br><br>**उदाहरण:** हैलो! मेरी उम्र **18** साल है, और मैं भारत के **गुजरात** राज्य में रहती/रहता हूँ। **मुझे पढ़ना, ड्रॉइंग करना, और नई चीज़ें सीखना** पसंद है। मैं अभी **ITI** से ____________  कोर्स कर रहा/रही हूँ। इस जानकारी के आधार पर क्या आप 10 करियर-विकल्पों के सुझाव दे सकते हैं, जो मेरी रुचियों और योग्यता के अनुसार हो। कृपया पारंपरिक और नए, दोनों तरह के करियर विकल्प, अलग-अलग व संक्षेप में बताएँ। |

अब AI द्वारा बताए गए विकल्पों में से ऐसे 4 विकल्प दिए गए स्थान में लिखें, जिनके बारे में आप और जानना चाहते हैं।

1. ____________________ 2. ____________________

3. ____________________ 4. ____________________

आइए, इनके बारे में और समझने के लिए AI टूल का उपयोग करते हैं।





**कार्य:** करियर-विकल्पों के बारे में समझना


**निर्देश:** आपके द्वारा चुने गए चार करियर विकल्पों में से किसी एक का चयन करें, और इसे नीचे दिए गए प्रॉम्प्ट में लिखें।

| | |
|---|---|
| **AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट** | AI टूल के लिए प्रॉम्प्ट: हैलो! मेरी उम्र _______ साल है, और मैं भारत के ______ राज्य में रहती/ रहता हूँ। मुझे _____________ करना पसंद है। मैं अभी ITI से ______________ कोर्स कर रही/रहा हूँ। मैं _______ ( करियर-विकल्प लिखें) के रूप में करियर बनाना चाहती/ चाहता हूँ! कृपया मेरी उम्र, रहने की जगह और करियर को याद रखें। मैं अपने चुने हुए करियर विकल्प के बारे में और जानना चाहती/ चाहता हूँ। विस्तार में जानकारी देने से पहले मेरे अगले प्रॉम्प्ट के लिए रुकें। |

**अब अपने चुने हुए करियर के बारे में जानने-समझने के लिए इन 7 प्रॉम्प्ट का उपयोग करें।**

**याद रखें:** अगर आप AI से मिलने वाले जवाब को संक्षिप्त रखना चाहते हैं, तो अपने प्रॉम्प्ट के अंत में **"कृपया संक्षेप में और बिंदुओं में बताएँ"** जोड़ दें।

## 1. भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ



***प्रॉम्प्ट:*** *एक ___________ (करियर-विकल्प) को आमतौर पर क्या-क्या काम करने होते हैं?*

***AI का जवाब:*** ________________________________________

________________________________________

## 2. काम का माहौल

***प्रॉम्प्ट:*** *एक ___________ (करियर-विकल्प) आमतौर पर किस तरह की जगहों पर काम करते हैं? क्या यह अक्सर ऑफ़िस से, या बाहर या दोनों जगह से किया जा सकने वाला काम है?*

***AI का जवाब:*** ________________________________________

________________________________________



## 3. शैक्षिक योग्यता



***प्रॉम्प्ट:*** *एक ___________ (करियर-विकल्प) के लिए क्या शैक्षिक योग्यता आवश्यक होती है?*

***AI का जवाब:*** ________________________________________

________________________________________

### 4. कौशल

***प्रॉम्प्ट:*** *एक ______________ (करियर-विकल्प) के तौर पर सफल होने के लिए किस तरह के कौशल आवश्यक होते हैं?*

***AI का जवाब:*** ____________________________________________

____________________________________________



### 5. माँग और तरक़्क़ी



***प्रॉम्प्ट:*** *क्या भविष्य में एक ______________ (करियर-विकल्प) के काम की माँग बढ़ेगी या कम होगी? इस करियर-विकल्प में तरक़्क़ी होने की संभावना कितनी है? AI का इस करियर-विकल्प पर क्या प्रभाव पड़ेगा?*

***AI का जवाब:*** ____________________________________________

____________________________________________

### 6. आय/ तनख़्वाह

***प्रॉम्प्ट:*** *एक ______________ (करियर-विकल्प) को आमतौर पर कितनी तनख़्वाह मिलती है? इसके साथ ही, क्या आप कुछ ऐसी वेबसाइट के बारे में बता सकते हैं जहाँ इस काम के लिए मिलने वाली तनख़्वाह के बारे में पता चल सके?*

***AI का जवाब:*** ____________________________________________

____________________________________________



### 7. नौकरी खोजना



***प्रॉम्प्ट:*** *क्या आप ________________ (राज्य) में ______________ (करियर-विकल्प) की नौकरी खोजने के लिए कुछ वेबसाइट के बारे में बता सकते हैं? क्या इस तरह की नौकरियों के बारे में पता करने के लिए कुछ सरकारी जॉब पोर्टल भी हैं?*

***AI का जवाब:*** ____________________________________________

____________________________________________


आइए, अब अन्य करियर-विकल्पों के बारे में जानें। प्रत्येक विकल्प के लिए इन प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। फिर आपको अपने लिए जो करियर विकल्प सबसे ठीक लग रहा है, उसके बारे में दिए गए स्थान में लिखें।


**आपने किस करियर-विकल्प का चयन किया है और आपको क्यों लगता है कि यह आपके लिए एक अच्छा विकल्प है?**

______________________________

______________________________

______________________________





## *आज मैंने सीखा:*

अगर आपने इस विषय को अच्छी तरह समझ लिया है तो सही का निशान (✓) लगाएँ।

1. AI टूल आपकी रूचि और योग्यता के अनुसार आपको करियर-विकल्प बता सकते हैं। ☐
2. AI ऐसे करियर-विकल्पों के बारे में बता सकते हैं जिनके बारे में आपने पहले नहीं सोचा हो। ☐
3. लोगों की रूचि के अनुसार करियर के सुझाव देकर यह लोगों के समय की बचत करते हैं। ☐

## और सीखने के लिए

**यह डिजिटल लेसन देखें :**
AI से करियर विकल्पों को जानें

**किसी दोस्त या परिवार के सदस्य से AI के बारे में बात करें:** अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को बताएँ कि आपने आज क्या सीखा!

**AI टूल का उपयोग करें :** मुफ़्त में उपलब्ध AI टूल का उपयोग करके देखें कि यह कैसे काम करते हैं:

- Microsoft Copilot: https://www.bing.com/chat
- Gemini: https://gemini.google.com/
- ChatGPT: https://chatgpt.com/

**सवाल पूछें:** अगर आपके पास AI से जुड़े कुछ सवाल हैं तो अपने शिक्षक या किसी दोस्त से पूछें और मिल-जुलकर सीखें।



# 13.7 AI की मदद से सीखें

**इस पाठ में आप सीखेंगे:**

1. AI सीखने में कैसे आपकी मदद कर सकता है

क्या आपने कभी पढ़ाई में अपनी मदद के लिए AI का उपयोग किया है? अगर हाँ, तो आपने किन टूल या वेबसाइट का उपयोग किया है, और आपका अनुभव कैसा रहा? उस विकल्प का चयन करें जो आपके अनुभव के सबसे क़रीब है।

- ☐ नहीं, मैंने कभी-भी पढ़ाई के लिए AI का उपयोग नहीं किया है।
- ☐ मैंने AI टूल्स के बारे में सुना तो है, पर कभी उनका उपयोग नहीं किया है।
- ☐ हाँ, मैंने AI टूल्स जैसे चैट -बॉट और लर्निंग ऐप्स का उपयोग किया है, और इससे मुझे बहुत मदद मिली।
- ☐ हाँ, मैंने AI टूल्स जैसे चैट -बॉट और लर्निंग ऐप्स का उपयोग किया तो है, पर इससे मुझे कुछ ख़ास मदद नहीं मिली।





अब जब हमने AI के अलग-अलग उपयोग के बारे में जान लिया है, आइए सीखें कि AI किस तरह आपकी पढ़ाई में आपकी मदद कर सकता है। अगर आपने अभी तक किसी AI टूल का उपयोग नहीं किया है, तो भी यह टूल आपके लिए मददगार हो सकते हैं।




## 13.7.1 बेहतर तरीक़े से सीखने में AI कैसे आपकी मदद कर सकता है

प्रिया से मिलें! प्रिया बेहतर तरीक़े से अंग्रेज़ी में बात करना सीखना चाहती है। वह AI से मदद लेने के लिए आगे दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग करती है। AI ने प्रिया की मदद के लिए उसे अंग्रेज़ी सीखने से जुड़े ज़रूरी चरण, संसाधन, पढ़ने की योजना, अभ्यास करने के लिए गतिविधि, फ़ीडबैक के लिए विकल्प, ख़ुद को प्रेरित रखने के लिए टिप्स, और आम परेशानियों से उबरने के तरीक़े आदि बताए। AI के सुझाव मान कर प्रिया अब अधिक आत्मविश्वास महसूस कर रही है और व्यवस्थित ढंग से सीख रही है।

आइए देखें कि AI किस तरह अंग्रेज़ी सीखने की कोशिश कर रही एक ITI विद्यार्थी, प्रिया की मदद करता है।



### 1. समझें कि आपको क्या सीखना है:

**प्रिया अंग्रेज़ी सीखना चाहती है पर उसे यह नहीं पता कि वह इसकी शुरुआत कहाँ से करे।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मैं अंग्रेज़ी सीखने की शुरुआत कर रही हूँ। क्या आप अंग्रेज़ी सीखने की शुरुआत से जुड़ी मुख्य बातों और उनकी संक्षिप्त व्याख्या की एक सूची बना सकते हैं?
- अंग्रेज़ी सीखते समय लोगों को आमतौर पर क्या चुनौतियाँ आती है और वह कैसे इन चुनौतियों को हल कर सकते हैं?



## 2. मुश्किल विषयों को आसान बनाना:

**प्रिया को व्याकरण के कुछ नियम समझने में मुश्किल हो रही है।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मुझे अंग्रेज़ी व्याकरण के कुछ नियम समझने में परेशानी आ रही है, खास तौर पर - Past Tense Verb को समझने में। क्या आप इसे उदाहरणों के साथ सरल शब्दों में समझा सकते हैं?
- क्या आप अंग्रेज़ी में उच्चारण के नियमों को सरल शब्दों में समझा सकते हैं, जिससे मुझे स्पष्टता के साथ बोलने में मदद मिले।



## 3. फीडबैक लेना:

**प्रिया को अपने अंग्रेज़ी बोलने के तरीके पर फीडबैक चाहिए।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मैं अपनी आवाज को रिकॉर्ड करते हुए अंग्रेज़ी बोलने का अभ्यास कर रही हूँ। क्या आप मेरे उच्चारण और फ्लुएंसी (fluency) पर फीडबैक प्राप्त करने के कुछ तरीके बता सकते हैं?
- मैंने यह निबंध/ अन्य सामग्री लिखा है। क्या आप इसमें व्याकरण और विराम चिन्हों से संबंधित गलतियाँ खोज सकते हैं, और इसमें सुधार करने में मेरी मदद कर सकते हैं?
- मेरे साथ अंग्रेज़ी में अनौपचारिक(casual) तरीके से संवाद करने का अभ्यास करें। क्या आप मेरे साथ बातचीत कर सकते हैं और मेरे बात करने के तरीके पर मुझे फीडबैक दे सकते हैं?




## 4. असल-जीवन की परिस्थितियों का अभ्यास:

**प्रिया असल जीवन की परिस्थितियों में अंग्रेज़ी बोलने का अभ्यास करना चाहती है।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मैं असल जीवन की परिस्थितियों जैसे खाना ऑर्डर करना या कहीं जाने का रास्ता पूछने के लिए अंग्रेज़ी का उपयोग करना चाहती हूँ। क्या आप इस तरह की बातचीत के कुछ उदाहरण बता सकते हैं?
- क्या आप जॉब इंटरव्यू के लिए मुझसे अंग्रेज़ी में कुछ प्रश्न पूछ सकते हैं? मैं हर एक प्रश्न का जवाब इस तरह से दूँगी जैसे हम सच में बातचीत कर रहे हैं और आप इसके बाद मेरे जवाबों पर मुझे फीडबैक भी दे सकते हैं।




## 5. अपनी समझ की परख करना:

**प्रिया अपनी अब तक की अंग्रेज़ी की समझ को परखना चाहती है।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मैं एक महीने से अंग्रेज़ी सीखने का प्रयास कर रही हूँ। क्या आप अंग्रेज़ी के शब्दों (vocabulary) की मेरी जानकारी और व्याकरण की समझ को परखने के लिए एक क्विज़ बना सकते हैं?
- क्या आप मेरी अंग्रेज़ी के शब्द ज्ञान (vocabulary) को परखने के लिए कुछ स्थिति आधारित सवाल पूछ सकते हैं?



## 6. अन्य संसाधन खोजना:

**प्रिया को सीखने के लिए और संसाधन चाहिए।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मुझे अंग्रेज़ी सीखने के लिए और संसाधनों की आवश्यकता है जैसे वेबसाइट, ऐप और किताबें। क्या आप मुझे अंग्रेज़ी का अभ्यास करने और सीखने के लिए कुछ नए संसाधनों के बारे में बता सकते हैं?
- क्या आप अंग्रेज़ी व्याकरण के बारे में सीखने के लिए मुफ्त सहायक सामग्री उपलब्ध करवाने वाली कुछ वेबसाइट या प्लेटफार्म के बारे में बता सकते हैं?



### 7. आइडिया सोचना:

**प्रिया को अंग्रेज़ी में एक छोटी कहानी लिखने के लिए कुछ आइडिया चाहिए।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मैं 'बाज़ार में एक दिन' विषय पर एक छोटी कहानी लिखना चाहती हूँ। क्या आप इससे जुड़े कुछ रोचक आइडिया सोचने में मेरी मदद कर सकते हैं?
- क्या आप मेरे प्रोजेक्ट के लिए कुछ आइडिया सोचने में मेरी मदद कर सकते हैं? मैं अंग्रेज़ी में संवाद करने के कौशल पर काम कर रही हूँ, और मुझे कुछ रचनात्मक आइडिया चाहिए। कृपया नए आइडिया सोचने के कुछ तरीके भी बताएँ।



### 8. रेज़्युमे बनाना:

**प्रिया नौकरी में आवेदन करने के लिए अपना रेज़्युमे बनाना चाहती है।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मुझे एक डिजिटल मार्केटिंग फर्म में शुरुआती स्तर की नौकरी के लिए अपना रेज़्युमे बनाना है। मुझे बुनियादी स्तर पर अंग्रेज़ी में संवाद और कंप्यूटर का उपयोग करना आता है। मुझे अपना रेज़्युमे बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और क्या आप इसके लिए एक टेंपलेट बना सकते हैं?

**नोट:** अपना डॉक्यूमेंट या रेज़्युमे पहले किसी AI टूल में सबमिट करें और उसके बाद निम्नलिखित प्रॉम्प्ट का उपयोग करें।

- क्या आप मेरे रेज़्युमे को ठीक करने में मेरी मदद कर सकते हैं? मैं अपने कौशल और अनुभव के बारे में बेहतर तरीके से बताना चाहती हूँ।
- मैं अपने रेज़्युमे के फॉर्मेट को लेकर आश्वस्त नहीं हूँ। क्या आप एक प्रोफेशनल फॉर्मेट बता सकते हैं जो स्पष्ट और पढ़ने में आसान हो?



### 9. अपने पढ़ने का शेड्यूल बनाना:

**प्रिया एक ऐसा पढ़ने का शेड्यूल चाहती है जो उसकी ज़रूरतों के अनुसार हो।**

**प्रॉम्प्ट:**

- मैं हर रोज़ 1 घंटे का समय अंग्रेज़ी सीखने में देना चाहती हूँ। क्या आप पढ़ाई करने का साप्ताहिक शेड्यूल बनाने में मेरी मदद कर सकते हैं जिसमें नए शब्द सीखने, व्याकरण का अभ्यास करने, और अंग्रेज़ी बोलने का अभ्यास करने के लिए समय हो?
- क्या आप एक ऐसी सीखने की योजना बनाने में मेरी मदद कर सकते हैं जो मेरे लक्ष्य और शेड्यूल के अनुरूप हो? मैं अपने पढ़ाई करने के तरीके को बेहतर बनाना चाहती हूँ।

## अपने सीखने की योजना बनाएँ:

यहाँ दिए गए प्रॉम्प्ट में ख़ाली स्थान की जगह अपने चुने हुए विषय के बारे में लिखें और किसी AI टूल जैसे ChatGPT या Microsoft Copilot का उपयोग करते हुए सवालों के जवाब तलाशें। इन प्रॉम्प्ट के उपयोग से आप अपने सीखने के सफ़र को आसान और असरदार बना सकते हैं।



### 1. समझें कि आपको क्या सीखना है:

**प्रॉम्प्ट:**

- मैंने अभी-अभी ______________ (विषय) सीखना शुरू किया है। क्या आप इसे सीखने की शुरुआत से जुड़ी मुख्य बातों और उनकी संक्षिप्त व्याख्या की एक सूची बना सकते हैं?
- ______________ (विषय) सीखते समय लोगों को आमतौर पर क्या चुनौतियाँ आती है और वह कैसे इन चुनौतियों को हल कर सकते हैं?

**2.मुश्किल विषयों को आसान बनाना:**

**प्रॉम्प्ट:**

- क्या आप ______________ (विषय) के बारे में आसान शब्दों में समझा सकते हैं? समझने में मदद के लिए कृपया उदाहरणों का उपयोग करें।
- ______________ (विषय) सीखने की प्रक्रिया को आसान और छोटे चरणों में बताएँ। इससे जुड़ी किन मुख्य बातों को मुझे विशेष तौर पर समझना चाहिए?

**3. फीडबैक लेना:**

**प्रॉम्प्ट:** अपने डॉक्यूमेंट को पहले किसी AI टूल में सबमिट करें और उसके बाद निम्नलिखित प्रॉम्प्ट का उपयोग करें।

- मैंने यह निबंध/ अन्य सामग्री लिखा है। क्या आप इसमें व्याकरण और विराम चिन्हों से संबंधित गलतियाँ खोज सकते हैं, और इसमें सुधार करने में मेरी मदद कर सकते हैं?
- मैंने यह निबंध/ अन्य सामग्री लिखा है। क्या आप बता सकते हैं कि इसमें क्या ठीक तरह से लिखा है और कहाँ-कहाँ पर सुधार की आवश्यकता है? साथ ही सुधार के लिए कुछ बिंदु भी बताएँ।

**4. असल-जीवन की परिस्थितियों का अभ्यास:**

**प्रॉम्प्ट:**

- कृपया ______________ (विषय) पर एक प्रेज़ेंटेशन बनाएँ जिसमें ________ स्लाइड हों।
- क्या आप जॉब इंटरव्यू के लिए मुझसे ________________ (विषय) पर अंग्रेज़ी में कुछ प्रश्न पूछ सकते हैं? मैं हर एक प्रश्न का जवाब इस तरह से दूँगी/दूँगा जैसे हम सच में बातचीत कर रहे हैं और आप इसके बाद मेरे जवाबों पर मुझे फीडबैक भी दे सकते हैं।

**5. अपनी समझ की परख करना:**

**प्रॉम्प्ट:**

- मैं एक महीने से ______________ (विषय) सीखने का प्रयास कर रही/रहा हूँ। क्या आप ______________ (विषय) की मेरी जानकारी और समझ को परखने के लिए एक क्विज़ बना सकते हैं?
- क्या आप ______________ (विषय) की मेरी समझ को परखने के लिए कुछ स्थिति आधारित सवाल पूछ सकते हैं?

### 6. अन्य संसाधन खोजना:

**प्रॉम्प्ट:**

- क्या आप मुझे ______________ (विषय) सीखने के लिए कुछ ऑनलाइन कोर्स या ट्यूटोरियल के बारे में बता सकते हैं?
- क्या आप ______________ (विषय) के बारे में सीखने के लिए मुफ्त सहायक सामग्री उपलब्ध करवाने वाली कुछ वेबसाइट या प्लेटफार्म के बारे में बता सकते हैं?

### 7. आइडिया सोचना:

**प्रॉम्प्ट:**

- क्या आप मुझे कुछ प्रोजेक्ट आइडिया बता सकते हैं जहाँ मुझे ______________ (विषय) की अपनी समझ को आज़माने का मौक़ा मिले?
- क्या आप विषय कुछ आइडिया सोचने में मेरी मदद कर सकते हैं? मैं ______________ (अपने विषय के बारे में संक्षेप में बताएँ) पर काम कर रही हूँ, और मुझे कुछ रचनात्मक आइडिया चाहिए। कृपया नए आइडिया सोचने के कुछ तरीक़े बताएँ।

### 8. रेज़्युमे बनाना:

**प्रॉम्प्ट:** अपना डॉक्यूमेंट या रेज़्युमे पहले किसी AI टूल में सबमिट करें और उसके बाद निम्नलिखित प्रॉम्प्ट का उपयोग करें।

- क्या आप मेरे रेज़्युमे को ठीक करने में मेरी मदद कर सकते हैं? मैं अपने कौशल और अनुभव के बारे में बेहतर तरीके से बताना चाहती/चाहता हूँ।
- मैं अपने रेज़्युमे के फॉर्मेट को लेकर आश्वस्त नहीं हूँ। क्या आप एक प्रोफेशनल फॉर्मेट बता सकते हैं जो स्पष्ट और पढ़ने में आसान हो?

### 9. अपने पढ़ने का शेड्यूल बनाना:

**प्रॉम्प्ट:**

- मेरे पास हर रोज़ ______________ (विषय) पढ़ने के लिए __________ घंटे का समय है। क्या आप पढ़ाई करने का एक साप्ताहिक शेड्यूल बनाने में मेरी मदद कर सकते हैं?
- क्या आप एक ऐसी पढ़ाई की योजना बनाने में मेरी मदद कर सकते हैं जो मेरे लक्ष्य और शेड्यूल के अनुरूप हो? मैं अपने पढ़ाई करने के तरीके को बेहतर बनाना चाहती/ चाहता हूँ।

**याद रखें**

- AI एक बहुत ही ताकतवर और मददगार टूल है, पर यह कोई जादू नहीं है। कुछ नया सीखने के लिए आपको भी प्रयास करने होंगे।
- ख़ुद को व्यवस्थित और प्रेरित रखने के लिए AI का उपयोग करें, पर ऐसा न सोचें कि AI आपके सभी काम कर देगा।
- अलग-अलग AI टूल का उपयोग करें और देखें कि आपको कौन-सा टूल सबसे अच्छा लगता है।



## आपके विचार




**क्या आपको AI टूल के उपयोग से मदद मिली?**

आपके अनुसार आप भविष्य में अपनी पढ़ाई के लिए AI टूल का उपयोग किस तरह से कर सकते हैं?

- ☐ होमवर्क में मदद के लिए
- ☐ नई बातें और जानकारियाँ सीखने के लिए
- ☐ अपने सवालों के जवाब जल्दी खोजने के लिए
- ☐ अन्य : ____________________

____________________

कुछ नया सीखने में AI आपकी सहायता कर सकता है, लेकिन इस दौरान अपने शिक्षकों, किताबों और सहपाठियों को न भूल जाएँ। सबके साथ मिलकर सीखने से आप एक सूपर-लर्नर (super-learner) बन जाएँगे।



***आज मैंने सीखा:***

अगर आपने इस विषय को अच्छी तरह समझ लिया है तो सही का निशान (✓) लगाएँ।

1. अपने स्तर पर कोई भी विषय सीखने में AI मेरी सहायता कर सकते है। ☐
2. जब सीखने में कठिनाई आ रही हो, तब AI टूल सहायता कर सकते हैं। ☐

## और सीखने के लिए

**ये डिजिटल लेसन देखें :**
AI की मदद से सीखें

**किसी दोस्त या परिवार के सदस्य से AI के बारे में बात करें:** अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को बताएँ कि आपने आज क्या सीखा!

**AI टूल का उपयोग करें :** मुफ़्त में उपलब्ध AI टूल का उपयोग करके देखें कि यह कैसे काम करते हैं:

- Microsoft Copilot: https://www.bing.com/chat
- Gemini: https://gemini.google.com/
- ChatGPT: https://chatgpt.com/



**सवाल पूछें:** अगर आपके पास AI से जुड़े कुछ सवाल हैं तो अपने शिक्षक या किसी दोस्त से पूछें और मिल-जुलकर सीखें।

# 13.8 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग

**इस पाठ में आप सीखेंगे:**

1. एथिकल या नैतिक AI क्या है और यह क्यों ज़रूरी है?
2. AI से जुड़ी एथिकल या नैतिक चुनौतियाँ
3. ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग कैसे करें



## एथिकल AI

**क्या हमें न्यायालयों में रोबोट का उपयोग करना चाहिए? क्या आप उन पर विश्वास कर पाएँगे?**
सोचें कि एक ऐसी दुनिया है जहाँ न्यायालयों में रोबोट ही जज हैं। ये रोबोट क़ानून के बारे में जानते हैं और पेश किए गए सबूतों को अच्छी तरह से समझ सकते हैं।

**रोबोट जज के बारे में क्या बातें अच्छी हैं और क्या बातें अच्छी नहीं हैं? आपको जो विकल्प सही लग रहा है, उस पर सही का निशान लगाएँ।**

**रोबोट जज के बारे में वह बातें जो अच्छी हैं :**

- ☐ वे इस बात का ध्यान रख सकते हैं कि फ़ैसले क़ानून के अनुसार हों, और हमेशा एक जैसे हों।
- ☐ वे फ़ैसले लेते समय इंसानों की तुलना में कम गलती करेंगे।
- ☐ वे पेश की गई जानकारी को तेज़ी से समझते हुए, कम समय में फ़ैसले ले सकते हैं।

**रोबोट जज के बारे में वह बातें जो अच्छी नहीं हैं :**

- ☐ वे शायद इंसानों की भावनाओं और समस्याओं को सही तरीक़े से नहीं समझ पाएँगे।
- ☐ पहले से मौजूद जानकारी की वजह से वे पक्षपात कर सकते हैं और गलत फ़ैसले ले सकते हैं।
- ☐ उन्हें नई या अनोखी समस्याओं को समझने में परेशानी हो सकती है।

## 13.8.1 एथिकल AI क्या है?

गतिविधि के दौरान आपने ध्यान दिया होगा कि AI के इस्तेमाल में भी चुनौतियाँ हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, फ़ैसले लेने के लिए रोबोट जज के उपयोग की अपनी चुनौतियाँ हैं क्योंकि वे अपने पास मौजूद डेटा के आधार पर गलत फैसले भी ले सकते हैं। इसलिए AI के विकास में स्पष्ट नियमों का होना बहुत ज़रूरी है- ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सब के लिए सुरक्षित और एक समान  है।



एथिकल या नैतिक AI का मतलब है ऐसे नियमों का पालन करना जिससे यह तय किया जा सके कि AI का निर्माण और विकास सबकी भलाई को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। आइए, इस विषय के बारे में और सीखते हैं।

## 13.8.2 AI से जुड़ी एथिकल चुनौतियाँ क्या हैं, और हम कैसे ज़िम्मेदारी के साथ इसका उपयोग कर सकते हैं?

जैसे-जैसे AI हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है, इससे जुड़ी चुनौतियाँ भी बढ़ती जा रही है। कुछ प्रमुख चुनौतियाँ इस प्रकार हैं:

### 1. पक्षपात



**उदाहरण:** 2018 में, Amazon को AI टूल का उपयोग करके परेशानी का सामना करना पड़ा। वे नए लोग भर्ती करने के लिए AI टूल का उपयोग कर रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि इससे उन्हें अच्छे लोग खोजने में मदद मिलेगी। AI ने पिछले 10 साल के डेटा के आधार पर देखा कि कुछ ख़ास तरह की नौकरियाँ अधिकतर पुरुषों को ही दी गई थी। इससे AI टूल को लगा कि पुरुष हमेशा इस काम के लिए बेहतर होते हैं। फिर AI ऐसी नौकरियों के लिए पुरुषों को ही चुनने लगा, जबकि महिलाएँ भी इन कार्यों के लिए उतनी ही योग्य थीं।

**इस उदाहरण के आधार पर, दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर खोजने का प्रयास करें:**

**प्र1: इस AI हायरिंग टूल से जुड़ी एथिकल चुनौती क्या थी?**

A. AI पक्षपात करते हुए महिलाओं की जगह पुरुष उम्मीदवारों को नौकरी के लिए चुन रहा था।

B. AI तेज़ी से फ़ैसले नहीं ले पा रहा था।

C. AI को उपयोग करने की लागत बहुत अधिक आ रही थी।

**प्र2: AI को निष्पक्ष बनाने के लिए क्या करना चाहिए?**

A. AI को केवल पुरुष उम्मीदवारों की जानकारी देनी चाहिए।

B. AI को सभी तरह के उम्मीदवारों की जानकारी देनी चाहिए।

C. नौकरी के लिए भर्ती में AI का उपयोग बंद कर देना चाहिए।

### 2. निजता (Privacy)



**उदाहरण:** 2018 में केम्ब्रिज ऐनालिटिका (Cambridge Analytica) स्कैंडल हुआ था जिसमें फेसबुक को AI की वजह से बहुत परेशानी हुई थी। राजनैतिक प्रचार-प्रसार करने वाली कंपनी केम्ब्रिज ऐनालिटिका ने 8.7 करोड़ लोगों की अनुमति के बिना फेसबुक से उनका डेटा ले लिया था। इस डेटा का उपयोग राजनैतिक विज्ञापन दिखाने के लिए किया गया था, जिससे अनेक लोग नाराज़ हुए और सरकार को इसकी जाँच करवानी पड़ी।

**इस उदाहरण के आधार पर, दिए गए प्रश्नों के सही जवाब खोजने का प्रयास करें:**

**प्र1: इस उदाहरण में फेसबुक से जुड़ी एथिकल चुनौती क्या थी?**

A. इससे फेसबुक की लोकप्रियता बहुत बढ़ गई थी।

B. उन्होंने लोगों की अनुमति के बिना उनकी जानकारी किसी कंपनी के साथ साझा कर दी थी।

C. फेसबुक ने लोगों को विज्ञापन दिखाने बंद कर दिए थे।

**Q 2: लोगों की निजता के मुद्दे का समाधान खोजने के लिए क्या किया जाना चाहिए?**

A. कंपनियों के साथ अधिक से अधिक डेटा साझा किया जाना चाहिए।

B. लोगों की अनुमति के बिना उनका डेटा बेचना चाहिए।

C. लोगों का डेटा साझा करने से पहले उनकी अनुमति लेनी चाहिए।

## 3. ज़िम्मेदारी और सुरक्षा

**घटना 1:** इन दिनों, AI आधारित साइबर हमलों के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। AI के उपयोग से ऐसे ई-मेल और मैसेज भेजे जाते हैं जो देखने में असली से लगते हैं, जिससे लोग भ्रमित हो जाते हैं और महत्वपूर्ण सूचना, जैसे पासवर्ड या अन्य वित्तीय जानकरियाँ साझा कर देते हैं। इससे लोगों को बहुत परेशानी हुई है। इसमें फँसकर अनेक लोगों और यहाँ तक कि बैंकों ने भी अपना डेटा और पैसे गँवाए हैं।

**इस उदाहरण के आधार पर, दिए गए प्रश्नों के सही जवाब खोजने का प्रयास करें:**

**प्र1: AI द्वारा मैसेज और ई-मेल भेजने से जुड़ी एथिकल चुनौती क्या है?**

A. इससे किसी को कोई नुक़सान नहीं होता है।

B. अगर सही तरीक़े से इसका उपयोग नहीं किया जाए तो यह बहुत नुक़सान पहुँचा सकता है।

C. यह कंप्यूटर को अधिक सुरक्षित बनाता है।

**प्र2: ऑनलाइन सुरक्षा के लिए AI से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए क्या किया जाना चाहिए?**

A. हमें AI का उपयोग बिलकुल भी नहीं करना चाहिए।

B. AI के द्वारा हैक (hack) करने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को तैयार किया जाए।

C. ऑनलाइन सुरक्षा के लिए AI के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नियम बनाए जाएँ।



**घटना 2:** सोशल मीडिया पर AI द्वारा फ़ेक-न्यूज़ (झूठी ख़बर) फैलाने और लोगों के बीच बहस करवाने के आरोप लगते रहे हैं। जैसे 2016 में फेसबुक के AI पर फ़ेक-न्यूज़ को बढ़ावा देने के आरोप लगे थे। फेसबुक के AI ने यह सीख लिया कि लोग क्या पसंद करते हैं और उन्हें इस तरह के पोस्ट दिखाने शुरू किए जो उन्हें पसंद आएँगे, फिर चाहे वह झूठ ही क्यों न हो। इससे लोगों को इस बात की चिंता हो गई कि जो भी वह देख रहे हैं वह सच है भी या नहीं, और AI द्वारा फैलाई जा रही फ़ेक-न्यूज़ को रोकने के लिए कुछ किया जाना चाहिए। समाज, और टेक्नॉलजी आधारित कंपनियों के लिए इस चुनौती का समाधान खोजना एक बड़ा मुद्दा है।

**प्र1: AI द्वारा सोशल मीडिया पर फ़ेक न्यूज़ (झूठी ख़बर) फैलाने से जुड़ी एथिकल चुनौती क्या है?**

A. इससे सोशल मीडिया और रोचक हो जाता है।

B. इससे किसी को कोई नुक़सान नहीं होता है।

C. इससे लोगों में गलत जानकारी फैल सकती है और लोगों का भरोसा टूटता है।

**प्र2: AI से जुड़ी एथिकल चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों को क्या करना चाहिए?**

A. सोशल मीडिया पर AI का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

B. गलत जानकारी की पहचान कर इस रोकने के तरीक़े सोचने चाहिए।

C. ज़्यादा से ज़्यादा खबरें लोगों तक पहुँचाने के लिए AI को तैयार करना चाहिए।

## 13.8.3 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग करना क्यों ज़रूरी है?

अपने रोज़मर्रा के कामों के बारे में सोचिए। क्या आप ऐसे किसी उदाहरण के बारे में सोच सकते हैं जहाँ ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग नहीं करने से आप पर या औरों के जीवन पर कोई प्रभाव पड़ सकता है? यहाँ कुछ उदाहरण दिए गए हैं:

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
| **ऑनलाइन ख़रीददारी** | **स्मार्ट डिवाइस** | **स्वास्थ्य सेवाएँ** |
| AI आपको गलत सामान दिखा सकता है, जिसकी वजह से आप ऐसे सामान ख़रीद लेंगे जिनकी आपको ज़रूरत नहीं है। | AI वॉइस असिस्टेंट बिना आपकी अनुमति के आपकी बातचीत को रिकॉर्ड कर सकते हैं। | AI ऐप्स आपके स्वास्थ्य संबंधी डेटा को संभालने में गलती कर सकते हैं, जिससे आपकी निजता प्रभावित हो सकती है। |

| | | |
|---|---|---|
| **विज्ञापन**<br>आपकी अनुमति के बिना आपके व्यक्तिगत डेटा के आधार पर आपको विज्ञापन दिखा सकता है । | **सोशल मीडिया**<br>AI फ़ेक-न्यूज़ (झूठी खबर) और नफ़रत फैलाने वाले कॉमेंट फैला सकता है और लोगों को डरा सकता है। | **शिक्षा**<br>AI आपके सवालों के गलत जवाब दे सकता है या लोगों को परीक्षा और होमवर्क में नक़ल करने में मदद कर सकता है। |
| **सार्वजनिक सुरक्षा**<br>स्व-चालित कारों के AI से ग़लतियाँ हो सकती हैं जिससे दुर्घटनाएँ हो सकती हैं।<br><br>AI कैमरा लोगों को पहचानने में गलती कर सकते हैं और उनकी निजता (privacy) को प्रभावित कर सकते हैं। | **नैविगेशन (navigation) ऐप्स**<br>GPS आपको गलत रास्ता बता सकता है जिससे आप रास्ता भटक सकते हैं या आपको अधिक समय लग सकता है।<br>आपकी अनुमति के बिना आपकी लोकेशन अन्य लोगों के साथ शेयर हो सकती है। | **वित्तीय सेवाएँ**<br>AI गलत वित्तीय सलाह दे सकता है जिससे आप गलत निवेश कर सकते हैं।<br><br>AI आपके बैंकिंग के लेन-देन में ग़लतियाँ कर सकता है या आपकी जानकारी को बिना अनुमति के शेयर कर सकता है। |

**कार्य:** सोचें कि एक विद्यार्थी AI का उपयोग करके एक झूठी सोशल-मीडिया प्रोफ़ाइल बनाता है और अपने सहपाठियों के बारे में अफ़वाहें फैलाता है। AI के इस्तेमाल से वह ऐसे मैसेज और तस्वीरें बनाता है जिससे ऐसा लगता है कि यह सब बातें सच हैं, जबकि ऐसा नहीं है।

प्र1. AI से फ़ेक-प्रोफ़ाइल बनाने के गैर-ज़िम्मेदाराना उपयोग से सहपाठियों पर किस तरह का प्रभाव पड़ेगा?

A. इससे उन्हें लगेगा कि वे प्रसिद्ध हो गए हैं और उन्हें ख़ुशी होगी।

B. उनके बारे में इस तरह झूठ फैलाने से उनकी भावनाओं को ठेस पहुँचेगी।

C. इससे उन्हें नए दोस्त बनाने में मदद मिलेगी।

प्र2. सोशल मीडिया में AI के इस तरह के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या करना चाहिए?

**दुरुपयोग के बारे में बताएँ:** अगर आप इस तरह से AI का दुरुपयोग होता हुआ देखें, तो सोशल मीडिया प्लैटफ़ॉर्म पर इसे रिपोर्ट करें या अपने से किसी बड़े व्यक्ति को बताएँ।

**जानकारी की पुष्टि करें:** कोई भी जानकारी साझा करने से पहले ज़रूर देखें कि यह सच है या नहीं।

**दुरुपयोग करने पर सज़ा:** AI का दुरुपयोग करने पर सज़ा का प्रावधान होना चाहिए, जैसे अकाउंट निरस्त करना।

**निगरानी रखना :** सोशल मीडिया कंपनियों को अपने प्लैटफ़ॉर्म पर AI के दुरुपयोग को जल्दी पहचानने और रोकने के लिए निगरानी रखनी चाहिए।

अन्य: ________________________________________

________________________________________

पक्षपात, निजता और सुरक्षा पर केस-स्टडी व चर्चाओं के बाद, थोड़ा समय लेकर सोचें और इन प्रश्नों के उत्तर दें।

**प्र 1. ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग करना क्यों ज़रूरी है?**


A. ताकि सभी लोग आराम से रोबोट के साथ खेल पाएँ।

B. ताकि सभी लोग सुरक्षित रहें और उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार हो।

C. ताकि कंप्यूटर ही हमारा सारा काम कर दें।

**प्र 2. आप अपने जीवन में ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग कैसे सुनिश्चित करेंगे? वे सभी विकल्प जो आपको सही लग रहे हैं, उन पर निशान लगाएँ।**

- ☐ AI कैसे काम करता है और इसके प्रभाव के बारे में सीखेंगे।
- ☐ AI टूल्स का उपयोग करते समय सुरक्षा और निष्पक्षता का ध्यान रखेंगे।
- ☐ अगर कहीं AI का दुरुपयोग हो रहा है तो इसके बारे में बात करेंगे।
- ☐ ज़िम्मेदारी से AI का उपयोग करने से जुड़े नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे।



## *आज मैंने सीखा:*

अगर आपने इस विषय को अच्छी तरह समझ लिया है तो सही का निशान (✓) लगाएँ।

1. एथिकल या नैतिक AI का मतलब है AI का इस तरह उपयोग करना जो सबके लिए सही और सुरक्षित हो। ☐
2. AI के उपयोग से पक्षपात, निजता, सुरक्षा और फ़ेक-न्यूज़ (झूठी ख़बर) की समस्या आ सकती है। ☐
3. ज़रूरत है कि AI को अलग-अलग तरह की जानकारी पर प्रशिक्षित किया जाए और लोगों की निजता को सुरक्षित रखा जाए। ☐

## और सीखने के लिए

**यह डिजिटल लेसन देखें :**

ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग - 1

ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग - 2

**किसी दोस्त या परिवार के सदस्य से AI के बारे में बात करें:** अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को बताएँ कि आपने आज क्या सीखा!



**AI टूल का उपयोग करें :** मुफ़्त में उपलब्ध AI टूल का उपयोग करके देखें कि यह कैसे काम करते हैं:

- Microsoft Copilot: https://www.bing.com/chat
- Gemini: https://gemini.google.com/
- ChatGPT: https://chatgpt.com/

**सवाल पूछें:** अगर आपके पास AI से जुड़े कुछ सवाल हैं तो अपने शिक्षक या किसी दोस्त से पूछें और मिल-जुलकर सीखें।

## एक्टिविटी के जवाब:

### 13.8.2 AI से जुड़ी एथिकल चुनौतियाँ क्या हैं, और कैसे ज़िम्मेदारी के साथ इसका उपयोग किया जा सकता है?

1. **पक्षपात:**

   **प्र1:** A. ऐसा इस कारण से हुआ क्योंकि AI ने पिछले वर्षों के डेटा का विश्लेषण किया जब कुछ नौकरियाँ केवल पुरुषों को दी जाती थी।

   **प्र2:** B. इसके लिए ज़रूरी है कि AI को हर तरह के उम्मीदवार के डेटा पर प्रशिक्षित किया जाए। AI को महिला और पुरुष, दोनों के नौकरी-आवेदन का डेटा दिया जाए जिससे यह बिना पक्षपात के सही फ़ैसले लेने में सक्षम हो पाए।

2. **निजता:**

   **प्र1:** B. यहाँ मुख्य समस्या थी कि फेसबुक ने बिना यूज़र्स की अनुमति कि केम्ब्रिज ऐनलिटिका को उनकी जानकारी उपलब्ध करवाई, जिससे यूज़र्स की निजता (privacy) प्रभावित हुई।

   **प्र2:** C. इस काम को एथिकल तरीक़े से करने के लिए फेसबुक को डेटा साझा करने से पहले यूज़र्स से पूछना चाहिए था। इससे अपनी निजी जानकारी पर यूज़र्स का नियंत्रण रहता और यह प्रक्रिया पारदर्शी रहती।

3. **ज़िम्मेदारी और सुरक्षा:**

   **घटना 1:**

   **प्र1:** B. AI की मदद से साइबर हमले से पता चलता है कि अगर AI के उपयोग को सही तरीक़े से नियंत्रित नहीं किया जाए, तो यह संवेदनशील जानकरियाँ चुरा कर लोगों को नुक़सान पहुँचा सकता है।

   **प्र2:** C. ऑनलाइन सुरक्षा में AI से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय नियम बनाए जाएँ। इससे यह तय करने में मदद मिलेगी कि AI का उपयोग ज़िम्मेदारी और सुरक्षा के साथ किया जाए।

   **घटना 2:**

   **प्र1:** C. एथिकल चुनौती यह है कि AI के उपयोग से लोगों में गलत जानकारी फैल सकती है और लोगों का भरोसा टूटता है।

   **प्र2:** B. सोशल मीडिया कंपनियों को गलत जानकारी की पहचान कर इसे रोकने के तरीक़े सोचने चाहिए।

### 3.8.3 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग करना क्यों ज़रूरी है?

**कार्य:**

**प्र1.** B. उनके बारे में इस तरह झूठ फैलाने से उनकी भावनाओं को ठेस पहुँचेगी।

# ऑनलाइन एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स सीखें

Scan to start learning

Visit: **www.skillindiadigital.gov.in/courses**

Supported by: